सावन, मास , वर्ष-10, अंक 136, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज सोमवार 05 अगस्त, 2024

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के

## आधुनिक समाचार के समस्त पाठको को मित्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनांए हमारे पाठको की संख्या मे प्रतिदिन वृद्धि करने के लिए सभी मित्रो को आभार



श्री कृष्ण और सुदामा



विक्क तिवारी, चन्द्र गोश, शिवानी, पल्लवी अग्रवाल, सना सलमीन, संदीप कुमार, कौशिकी पाण्डेय



पंकज धीमान, विनोद कुमार शर्मा



अनूप शुक्ला,नीरज त्रिपाठी, अंजनी सिंह बाबा, सचिंद्र सिंह, शक्ति सिंह, उत्तम सिंह



सुधांशु शर्मा दिलीप जायसवाल



देवव्रत आर्य एडवोकेट एवं अमित तिवारी

दोस्ती नाम है सुख-दुख की कहानी का
दोस्ती राज है सदा ही मुस्कुराने का
ये कोई पल भर की जान-पहचान नहीं
दोस्ती वादा है उम्र भर साथ निभाने का।

एक प्यारा सा दिल जो कभी नफरत नहीं करता
एक प्यारी सी मुस्कान जो कभी फीकी नहीं पड़ती
एक अहसास जो कभी दुःख नहीं देता
और एक रिश्ता जो कभी खत्म नहीं होता।

यारों की यारी भी खिचड़ी से कम नहीं
स्वाद भले ही न रहे पर कमबख्त भूख मिटा देती है।







आंनद कुमार पाठक

इस कोरे पन्ने पर इतिहास लिखने आया हूं, आज फिर एक नया अध्याय लिखने आया हूं
चमक गई आँखे तेरी इस उजियारे को देख कर, आज ए जिंदगी का एहसास लिखने आया हूँ
भटक रहा था मन मेरा उन ,दावतो महफिल में
उस वक़्त वक्त और इस वक्त को बेबाक लिखने आया हूं
इस कोरे पन्ने पर इतिहास लिखने आया हूँ
था ख़ुशी का आलम अपना भी रोशनी भी गहरी थी, हर तरफ खिलते हुए गुलशनो की भरमाइ थी
एक धुआँ ने आ कर ज्जबात यू झकझोर दिये,
उसी काली रात से संवाद करने आया हू
.इस कोरे पन्ने पर इतिहास लिखने आया हू
उठ खड़ा आज मैं मोहलतो की बारिश में,
आज खुद को खुद ही से भिगोने आया हूं
आ ए जिंदगी तुझसे संवाद करने आया हूं
यू उमड़ घुमड़ बादलों के बीच जा बैठा तू क्यो
इकाई के समीकरण पर चुप बैठा क्यो
क्यो तुझे आज इतराना नहीं हैं इस जगह
क्यो तुझे आज इठलाना नहीं हैं इस जगह
आज पुकार रहा हूं आ बैठ मेरे सामने
किन्तु परन्तु छोड़ तू देख मेरे सामने
आ ए जिंदगी तू आ तुझसे संवाद करने आया हूं
आज फिर एक नया इतिहास लिखने आया हूं
ए मेरी जिंदगी तुझ से संवाद करने आया हूं

# देश/विदेश




भारत

## संक्षिप्त समाचार

### 'भारत का कृषि विकास लगातार दुनिया में सबसे अधिक', शिवराज सिंह चौहान ने प्राकृतिक खेती पर दिया जोर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन (आईसीएई) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को भारत के कृषि क्षेत्र में हुई प्रगति पर जोर दिया। चौहान ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का कृषि विकास



लगातार दुनिया में सबसे अधिक रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए हैं, लेकिन भारत ने यह भी सुनिश्चित करने की चिंता की है कि उत्पादन मानव स्वास्थ्य और मिट्टी की भलाई के लिए सुरक्षित हो।'केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन में भारत के कृषि क्षेत्र में हुई प्रगति पर जोर दिया। चौहान ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का कृषि विकास लगातार दुनिया में सबसे अधिक रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटना होगा और बढ़ते तापमान के कारण उत्पादन में गिरावट के गंभीर मुद्दे का समाधान करना होगा। चौहान ने अत्यधिक रासायनिक उर्वरक के उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'हमारे प्रधानमंत्री इस समय रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से मानव स्वास्थ्य के स्वास्थ्य में निरंतर गिरावट को लेकर चिंतित हैं। इसलिए भारत अब प्राकृतिक खेती पर जोर दे रहा है। हमें भूख और कुपोषण को पूरी तरह से खत्म करना होगा, जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटना होगा और बढ़ते तापमान के कारण उत्पादन में गिरावट के गंभीर मुद्दे का समाधान करना होगा। हमें आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के बारे में भी सोचना होगा।' नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद्र ने कृषि क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर बात की। उन्होंने कहा कि कृषि भारत के लिए एक केंद्रीय फोकस रहा है, जिसमें देश ने 2016-17 से 2022-23 तक सात साल की अवधि में 5 प्रतिशत की ऐतिहासिक रूप से उच्च विकास दर हासिल की है।

## केरल के जंगल में गुफा में मिले बच्चे कई दिनों से नहीं खाया था खाना वन अधिकारियों ने बचाई जान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड में हुए लैंडस्लाइड ने तबाही मचा दी और एक गहरी खाई के सामने एक पहाड़ी की चोटी पर एक गुफा में फंसा हुआ था। वन विभाग के गया है और बच्चे अब सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने आठ घंटे के ऑपरेशन में उनकी



है। इस बीच वन विभाग के अधिकारियों ने एक जंगल में फंसे आदिवासी परिवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कलपेट्टा रेंज के वन अधिकारी के हशीस के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम ने आदिवासी परिवार को बचाया, जिसमें एक से चार साल की उम्र के चार बच्चे शामिल थे। कुल 6 लोगों का ये परिवार था। हशीस से मिली जानकारी के मुताबिक, यह परिवार वायनाड के पनिया समुदाय से है, अधिकारियों की टीम को गुफा तक पहुंचने में साढ़े चार घंटे लगे।हशीस ने इस घटना के बारे में आगे जानकारी देते हुए बताया कि परिवार आदिवासियों के एक विशेष वर्ग से ताल्लुक रखता है, जो आमतौर पर बाहरी लोगों से घुलना-मिलना पसंद नहीं करता। उन्होंने आगे ये भी बताया कि भूस्खलन और भारी बारिश के कारण उनके पास खाने के लिए कुछ नहीं बचा था। फिलहाल उन्हें अट्टामला के दफ्तर में ही रखा बहादुरी के लिए वन विभाग की पीठ थपथपाई, जहां उन्होंने पश्चिमी घाट के जंगली इलाकों में ट्रैकिंग की। पिनाराई विजयन ने एक्स पर भी पोस्ट किया, भूस्खलन प्रभावित वायनाड में हमारे साहसी वन अधिकारियों की तरफ से 8 घंटे के अथक ऑपरेशन के बाद एक सुदूर आदिवासी बस्ती से छह कीमती जिंदगियां बचाई गईं। उन्होंने ये भी कहा, हम आगे एकजुट होकर काम करेंगे और मजबूत होकर उभरेंगे।

## भूस्खलन के कारण जिन लोगों को घर छोड़ने पर होना पड़ा मजूबर, उनके घरों में हो रही लूट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वायनाड।** केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन से तबाह गांवों के निवासियों को अपने घरों से भागने



के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन अब उनको नई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भूस्खलन पीड़ि‍त लोगों अपने घरों में पुलिस को चोरी की सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ाई है। विस्थापित निवासियों को संदेह है कि चोर राज्य के सबसे बड़े मानवीय संकट का फायदा उठाकर कीमती सामान चुरा सकते हैं। कुछ प्रभावित लोगों ने अधिकारियों से चोरी के इरादे से रात में क्षेत्र में प्रवेश करने वालों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने का आग्रह किया है।केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन से तबाह गांवों के निवासियों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। एक व्यक्ति ने बताया कि हम वे लोग हैं जिन्होंने इस त्रासदी में अपना सब कुछ खो दिया है। जब हम उसके बाद अपने घर की स्थिति की जांच करने के लिए वापस लौटे तो हमने पाया कि दरवाजे टूटे हुए थे। एक प्रभावित व्यक्ति ने संवाददाताओं से कहा कि हम वे लोग है जिन्होंने इस त्रासदी में अपना सब कुछ खो दिया है। भूस्खलन त्रासदी के दौरान अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमने अपना घर छोड़ दिया था। लेकिन जब हम उसके बाद अपने घर की स्थिति की जांच करने के लिए वापस लौटे, तो हमने पाया कि दरवाजे टूटे हुए थे। उन्होंने शिकायत की कि चोरों ने उनके कमरे से कपड़े चुरा लिए। अधिकारियों ने शनिवार शाम एक बयान में कहा कि चूरलमाला और मुंडक्कई समेत आपदा प्रभावित इलाकों में पुलिस गश्त शुरू कर दी गई है। बयान में कहा गया कि बिना अनुमति के रात में प्रभावित इलाकों या पीड़ि‍तों के घरों में प्रवेश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।आगे कहा कि बचाव अभियान के नाम पर या अन्यथा, रात में पुलिस की अनुमति के बिना किसी को भी प्रभावित क्षेत्रों या घरों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। वहीं भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 215 हो गई, जबकि लगभग 206 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।

## वायनाड में जमीन में दबे लोगों को क्या खोज पाएगी अंतरिक्ष तकनीक इसरो चीफ ने सबकुछ कर दिया साफ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। अब तक सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। वहीं बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है। इसमें खास सेंसर युक्त ड्रोनों की भी मदद ली जा रही है। मगर इस बीच भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (घ्रेंध) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने शनिवार को कहा कि अंतरिक्ष तकनीक का इस्तेमाल करके भूस्खलन के मलबे के नीचे दबे लोगों का पता लगाना संभव नहीं है। केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। 30 जुलाई की रात पहाड़ी दरकने से चार गांव पूरी तरह से तबाह हो चुके हैं। सैकड़ों लोग अब भी लापता हैं। उनकी तलाश में बचाव टीम जुटी हैं। खोजी कुत्तों और सेंसरयुक्त विशेष ड्रोन की मदद से मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है। सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक के जरिये जमीन की एक निश्चित गहराई की जानकारी हासिल की जा सकती है। मगर लोगों को खोजने के लिए



इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसरो द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में इससे जुड़े सवाल पर जवाब दिया।उन्होंने कहा कि मलबे के नीचे दबी वस्तुओं का पता लगाने के लिए अंतरिक्ष-आधारित सेंसर की सीमाएं हैं। अंतरिक्ष तकनीक से जमीन के नीचे क्या है, इसका पता लगाना संभव नहीं है। भारत-अमेरिका मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चयनित दो 'गगनयात्री' से जुड़े सवाल का भी सोमनाथ ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने की प्रक्रिया ही आपको बहुत कुछ सीखने का मौका देती है। हमारे एक अंतरिक्ष यात्री को तैयारी की पूरी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे हमें पता चलेगा कि गगनयान मिशन के लिए गगनयात्रियों को कैसे तैयार किया जाए। सोमनाथ ने कहा कि जब गगनयात्री वास्तव में उड़ान के अनुभव से गुजरेंगे और वहां पहले से ही मौजूद अंतरराष्ट्रीय चालक दल के साथ काम करेंगे तो इससे उन्हें वास्तव में वह ज्ञान और कौशल प्राप्त होगा, जो इसरो को भारत के मिशन के लिए तैयार कर देगा। सोमनाथ ने इसरो की शुरुआती असफलताओं के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त को मनाए जाने वाले पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को लेकर उत्साहित हैं।

## आईटीआर की लास्ट डेट को लेकर हो रहा कन्फ्यूजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से 31 जुलाई रखी गई थी। इसी बीच कुछ खबरें आने लगीं कि आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख को बढ़ा कर 31 अगस्त कर दिया गया है। इतना ही नहीं, कुछ लोगों के पास आईटीआर को लेकर मैसेज भी आ रहे हैं। इन मैसेज के साथ टैक्सपेयर्स को जानकारी दी जा रही है कि उनके डॉक्यूमेंट्स में किसी तरह की कमी है, साथ ही इस गलती को सुधारने के लिए एक लिंक भी भेजा जा रहा है। अगर आपको भी ऐसा कोई मैसेज आया है तो ध्यान दें। ऐसे मैसेज पर आए लिंक पर भूलकर भी क्लिक न करें। इस तरह के लिंक पर क्लिक करना आपके बैंक अकाउंट को खाली कर सकता है। दरअसल, आईटीआर की आड़ में यह स्कैमर्स का बिछाया हुआ जाल है। कुछ लोगों के पास आईटीआर को लेकर मैसेज भी आ रहे हैं।

## महाराष्ट्र में ऑरेंज अलर्ट दिल्ली में छाए रहेंगे बादल यूपी-बिहार और झारखंड में होगी झमाझम बारिश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** देश के अलग-अलग हिस्सों में इस वक्त बारिश जारी है। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र सहित देश के अधिकतर अगस्त तक तेज बारिश की आशंका है। उत्तर प्रदेश की अगर बात करें तो आज इसके कुछ स्थानों पर मध्यम से मध्यम और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत



हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश देखने को मिल रही है। हालांकि बारिश के बाद भी दिल्ली में उमस भरी गर्मी का सितम जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, आज दिल्ली र्पें में बादल छाए रहेंगे, हल्की बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान 35 तक जा सकता है वहीं न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रह सकता है। महाराष्ट्र में बारिश से बुरा हाल है मौसम विभाग के मुताबिक आज महाराष्ट्र के पालघर, सतारा और पुणे जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी है। वहीं रायगढ़,सिंधुदुर्ग, मुंबई, ठाणे, और नासिक के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। घ्श्ड के अनुसार आज पालघर में भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका है।झारखंड और बिहार के कुछ जिलों में आज से लेकर 6 भारी वर्षा हो सकती है। दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। दक्षिणी उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर और आसपास इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही चित्रकूट,मुजफ्फरनगर, कौशांबी, रामपुर, प्रयागराज, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, मुरादाबाद, और आसपास के इलाकों में भी बारिश को लेकर अलर्ट जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, गुजरात में आज तेज बारिश तो वहीं उत्तराखंड में 7 अगस्त, त्रिपुरा, मिजोरम, नागालैंड में कल वहीं असम और मेघालय में 6 से 9 अगस्त तक तेज बारिश के आसार हैं।

## कृषि के बाद टूरिज्म सेक्टर में सबसे ज्यादा रोजगार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत के पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को कहा कि भारत में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। कृषि के बाद पर्यटन सबसे बड़ा रोजगार देने वाला सेक्टर है। अर्थ व्यवस्था की सेहत के लिए इसे बढ़ाया जाएगा और वह वादा करते हैं कि अर्थव्यवस्था का ड्राइवर इस सेक्टर को बनाएंगे। हालांकि उन्होंने



चुनौतियां भी गिनाईं। नये पर्यटन स्थलों को विकसित करने में असफल रहने की बात करते हुए, उन्होंने राज्यों के साथ मिल कर पर्यटन को सीजनल के बजाए वर्ष भर का चलन बनाने पर जोर दिया। पर्यटन मंत्री ने ये बातें ग्रेटर नोएडा एक्सपो में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल हास्पिटेलिटी एक्सपो के उद्घाटन संबोधन में कही। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में आज यानी 3 अगस्त से इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो का आयोजन शुरू हो गया है जोकि 6 अगस्त तक चलेगा। कार्यक्रम के शुभारंभ में केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने पर्यटन की महत्ता पर जोर डालते हुए कहा कि यह कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार देने वाला सेक्टर है।कार्यक्रम में म्यांमार के राजदूत एच ई मो क्याव आंग, वियतनाम के दूतावास के मुख्य व्यापार सलाहकार बुई ट्रुंग थुओंग, इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट के चेयरमैन राकेश कुमार व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर से जुड़ी हस्तियों ने भाग लिया। इसमें 16 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं और एक हजार ब्रांड प्रदर्शित किये जा रहे हैं। शेखावत ने कहा कि सरकार पर्यटन और आतिथ्य में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को बढ़ावा देन के लिए मार्ट के चेयरमैन राकेश कुमार के प्रयासों की भी सराहना की। कहा कि पर्यटन में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान देने की क्षमता है। हमारे पास सभी संसाधन हैं। हम इस क्षेत्र में विविधता और नये व्यवसायिक अवसर देख रहे हैं, और यह एक्सपो उन्हें जानने के लिए एक सही मंच है।शेखावत ने कहा कि पर्यटन को लेकर जितनी तरह के आकर्षण दुनिया में हो सकते हैं, वे सब भारत में मौजूद हैं। विश्व में जितने तरह के खाद्यान्न हैं, वो सब भारत में पैदा किए जाते हैं। इसी तरह इतिहास, किले महल, पहाड़ बर्फ, बीच, ट्रैकिंग ट्रैक्स, वाइल्ड लाइफ सफारी, रेगिस्तान, मेडिकल टुरिजम, आध्यात्मिक पर्यटन किसी भी सैक्टर में भारत के पास परोसने के लिए सब कुछ है। इसे बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस सेक्टर के प्लेयर की जिम्मेदारी भी बहुत बड़ी है।

## केंद्र और राज्यों के बीच कड़ी का काम करते हैं राज्यपाल', राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा- समाज में महिलाओं की भागीदारी अहम


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को कहा कि संघीय व्यवस्था में राज्यपाल केंद्र और राज्यों के बीच कड़ी काम करते हैं, जबकि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राज्यपालों को राज्य सरकारों से जानकारी मांगने में संकोच नहीं करना चाहिए। राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन में अपने समापन भाषण में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जन कल्याण और समग्र विकास के लिए सभी संस्थानों का सुचारु संचालन बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, मुर्मु ने कहा कि सम्मेलन में विभिन्न संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय बनाने के उद्देश्य से सार्थक चर्चा हुई। राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन में अपने समापन भाषण में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जन कल्याण और समग्र विकास के लिए सभी संस्थानों का सुचारु संचालन बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सम्मेलन में विभिन्न संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय बनाने के उद्देश्य से सार्थक चर्चा हुई। राष्ट्रपति मुर्मु ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यपालों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार सहकारी



संघवाद और केंद्रीय संस्थाओं के आपसी समन्वय को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यपाल नागरिकों के लिए आदर्श उदाहरण स्थापित करने के लिए जिम्मेदार हैं। यदि वे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उदाहरण स्थापित करते हैं, तो इससे न केवल उनकी पहचान बनेगी बल्कि लोगों का मार्गदर्शन भी होगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने पारस्परिक शिक्षा की भावना से व्यापक विचार-विमर्श करने के लिए राज्यपालों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। अपने समापन भाषण में उन्होंने कहा कि राज्यपालों के विभिन्न समूह अपने कार्यालय के कामकाज को बेहतर बनाने के साथ-साथ लोगों के कल्याण के लिए अपने बहुमूल्य विचारों और सुझावों के साथ सामने आए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन सुझावों को लागू किया जाएगा।राष्ट्रपति ने कहा कि देश का विकास राज्यों के समावेशी और त्वरित विकास पर निर्भर करता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सार्थक और समग्र सामाजिक समावेश के लिए महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करके महिला सशक्तीकरण को मजबूत किया जा सकता है। महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्ट-अप को बढ़ावा देकर 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास' का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन ने सभी प्रतिभागियों के मन पर अमिट छाप छोड़ी है। सम्मेलन के दौरान सभी प्रतिभागियों ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्यपालों को प्रभावी कामकाज के लिए संबंधित राज्य सरकारों के साथ जानकारी प्राप्त करने और निरंतर संवाद बनाए रखने में संकोच नहीं करना चाहिए।

## भारत में 2040 तक बढ़ेगी कामकाजी उम्र की आबादी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत में कामकाजी उम्र की आबादी 2040 तक बढ़ने और 2050 तक पर्याप्त कार्यबल बनाए रखने का अनुमान है, जबकि चीन




और जापान जैसे देशों में कामकाजी आयु वर्ग की आबादी में गिरावट आ रही है। एशियाई विकास बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, स्टेटिस्टा डेटा इस बात पर प्रकाश डालता है कि 2011 में भारत की कामकाजी आयु वर्ग की आबादी इसकी कुल आबादी का 60 प्रतिशत से अधिक थी और 2031 तक इसके बढ़ने की उम्मीद है। एशियाई विकास बैंक ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत की कामकाजी उम्र की आबादी में 2040 तक इजाफा होगा। 2031 से इसके बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि इस बीच एशिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्था चीन और जापान की कामकाजी उम्र की आबादी में कमी आएगी। अनुमान के मुताबिक भारत 2050 तक पर्याप्त कार्यबल बनाए रखेगा। रिपोर्ट के अनुसार, 2036 तक यह प्रतिशत 2031 में 65.1 प्रतिशत से थोड़ा कम होकर 64.9 प्रतिशत हो जाएगा। यह जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति कार्यबल असंतुलन को दूर करने और एशिया और प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक विकास को बनाए रखने के लिए श्रम गतिशीलता और क्षेत्रीय सहयोग के महत्व को आगे रखेगी। कई देशों ने जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाया एडीबी के अनुसार एशिया और प्रशांत क्षेत्र सक्रिय क्षेत्रीय प्रवास नीतियों और मानव पूंजी निवेश के माध्यम से अपने जनसांख्यिकीय घाटे को प्रभावी ढंग से कम कर सकते हैं। पिछले 50 वर्षों में क्षेत्र के कई देशों ने अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाकर, परिवहन, ऊर्जा और दूरसंचार जैसे बुनियादी ढांचे के निवेश पर ध्यान केंद्रित करके समृद्धि हासिल की है।हालांकि, जैसे-जैसे जनसांख्यिकीय लाभांश घाटे में बदल रहे हैं, रणनीति में बदलाव आवश्यक है।देशों को अब आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए मानव पूंजी में निवेश करने और पूरे क्षेत्र में अधिक श्रम गतिशीलता को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## मणिपुर में शांति समझौते बाद भी हिंसा, 24 घंटे भीतर एक घर में लगा दी आग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम में शांति बहाल करने के प्रयासों के लिए मैतेयी और हमार समुदायों के बीच समझौता होने के 24 घंटे भीतर ही




तनाव पैदा करने वाली घटना सामने आई है, जहां गोलीबारी की गई और एक खाली पड़े घर को आग लगा दी गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि लालपानी गांव में खाली पड़े एक घर को शुक्रवार रात हथियारबंद लोगों ने आग के हवाले कर दिया। एक अधिकारी ने बताया, यह घटना एक बिल्कुल ही अलग बस्ती में हुई जहां मैतेयी समुदाय के कुछ लोगों के घर हैं और जिले में हिंसा भड़कने के बाद से इनमें से अधिकतर घर खाली पड़े हैं। उपद्रवियों ने इलाके में सुरक्षाकर्मियों की गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर आगजनी की। उपद्रवियों की पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि हथियारबंद लोगों ने बस्ती को निशाना बनाकर गोलियां भी चलाईं। घटना के बाद सुरक्षाबलों को इलाके में भेजा गया है। गुरुवार को असम के कछार में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के परिसर में हुई बैठक में मैतेयी और हमार समुदायों के प्रतिनिधियों के बीच एक समझौता हुआ था। बैठक का संचालन जिरीबाम जिला प्रशासन, असम राइफल्स और सीआरपीएफ ने किया, जिसमें जिरीबाम जिले के थाडौ, पैते और मिजो समुदायों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इन समुदायों के प्रतिनिधियों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया, बैठक में यह संकल्प लिया गया कि दोनों पक्ष सामान्य स्थिति बहाल करने तथा आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। दोनों पक्ष जिरीबाम जिले में कार्यरत सभी सुरक्षा बलों को पूर्ण सहयोग देंगे।

मिर्ज़ापुर

सोनभद्र







# अयोध्या मे हुए गैग रेप केस मे हो उचित कार्रवाई

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सामाजिक परिवर्तन की महानायिका मा0 बहन कु0 मायावती जी पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर



प्रदेश पूर्व सांसद राज्यसभा द्वारा किए गए ट्वीट के बारे में बी0 सागर जिलाध्यक्ष बसपा ने जानकारी दी की मा0 बहन कु0 मायावती जी ने कहा की यूपी सरकार द्वारा अयोध्या गैंग रेप केस में आरोपी के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही उचित हैं।लेकिन सपा द्वारा यह कहना की आरोपी का डीएनए टेस्ट होना चाहिए, इसे क्या समझा जाए। जबकि सपा को यह बताना चाहिए कि उनकी सरकार में ऐसे आरोपियों के खिलाफ कितने डीएनए टेस्ट हुए हैं। साथ ही ,यूपी अपराध नियंत्रण व्यवस्था में भी खासकर महिला सुरक्षा व उत्पीड़न आदि को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अयोध्या व लखनऊ आदि की घटनाएं अति-दुखद व चिंतित करने वाली है। सरकार उनके निवारण के लिए जाति-बिरादरी एवं राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कदम उठाए तो बेहतर होगा। इस दौरान डा0 ओ0पी0मौर्या ,रामविचार गौतम , पनन लाल जी , कमलेश गोंड , अशोक सागर ,रमेश सहगल ,अविनाश शुक्ला,डा0 राम अवतार चौहान जी ,अमन कुमार मौर्या , प्रेम नाथ गौतम ,पवन कुमार , अवधेश विश्वकर्मा एड0 , जोखन भारती, अली हैदर ,सलीम कुरैशी, संदीप कुमार , प्रकाश भारती , जमुना कुमार चौधरी , राजकुमार वर्मा , उमेश कुशवाहा ,राकेश रोशन , महेंद्र सेन ,विंदू भारती , भगवान दास भारती , विक्रम पटेल ,बलवंत रंगीला, राजू भारती, रवि प्रकाश पांडेय , अनीश भारती , सुरेश भारती , टाम बाबा, गोपाल दास कौशल ,मुनन लाल भारती , देवी शरण भारती, रामेश्वर आजाद , रामलखन देहाती आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीआईजी ने शिवद्वार कावड़ यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** शनिवार को शासन के निर्देशानुसार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु परिक्षेत्र के से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाए तथा शिकायतों नायाब तहसीलदार घोरावल सहित पुलिस एवं राजस्व के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे । मीरजापुर से घोरावल ( शिवद्वार ) कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण/



समस्त तहसीलों पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर.पी. सिंह द्वारा जनपद सोनभद्र के तहसील घोरावल में फरियादियों की समस्या सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया तथा अधीनस्थों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए, समाधान ऐसा करें कि फरियादी संतुष्ट हो जाए और उन्हें दोबारा शिकायत करने की जरूरत न पड़े एवं यह भी निर्देश दिया कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए । राजस्व का निस्तारण कागजों तक सीमित ना हो, शिकायतकर्ता की शिकायत का वास्तविक निस्तारण हो। भूमि विवाद, चकरोड व अवैध कब्जा आदि की शिकायतों का निस्तारण राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमललल मौके पर जाकर करें। संबंधित थाना प्रभारी को असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान कुल 46 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे, जिसमें से 04 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों को पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया ।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, उपजिलाधिकारी घोरावल, क्षेत्राधिकारी घोरावल, भ्रमण-पुलिस उप महानिरीक्षक, विंध्याचल परिक्षेत्र, मिर्जापुर आर0पी0 सिंह द्वारा श्रावण मेला/ कांवड यात्रा 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं कावडियों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मीरजापुर से घोरावल (शिवद्वार) कावड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया गया । इस दौरान ढाबों व शिविरों में कांवडियों के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लेकर बेहतरीन व्यवस्था प्रदान करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को कांवड़ यात्रियों के प्रति सौहार्दपूर्ण/विनम्र व्यवहार करने एवं सेवा भाव से अपने कर्तव्यों का दृढ़ता पूर्वक निर्वहन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

# थाना सोरांव पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** थाना सोरांव पर पंजीकृत मु0अ0सं0-286/2024 धारा-303(2) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित प्रयागराज को थाना सोरांव पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-03.08.2024 को थाना सोरांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कुरगांव बिगहिया




अभियुक्त दिनेश यादव पुत्र स्व0 अमृत लाल निवासी ग्राम गुदरु पुरवा थाना नवाबगंज कमिशन्रेट के पास से मुकदमा उपरोक्त में चोरी हुई 01 मोटर साइकल वाहन सं0-70 4664 व 04 चाभी के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी । **बरामदगी का विवरण -** 01 मोटर साइकिल हीरो स्पेलेण्डर प्रुस वाहन सं0-ळझ् 70इळ 4664 **गिरफ्तारी/ बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-** 1. उ0नि0 नवनीत प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी बड़गांव थाना सोरांव कमिशन्रेट प्रयागराज । 2. उ0नि0 मनोज कुमार सिंह, थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज । 3. उ0नि0 कुंवर भान चन्द, थाना सोरांव कमिशन्रेट प्रयागराज । 4. प्रशि0उ0नि0 रघुबीर यादव, थाना सोरांव कमिशन्रेट प्रयागराज । 5. का0 हर्षित पाल, थाना सोरांव कमिशन्रेट प्रयागराज । 6. का0 मनीष त्रिपाठी, थाना सोरांव कमिशन्रेट प्रयागराज ।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**मीर्जापुर।** विंध्याचल पुलिस ने शनिवार को सुबह मंगल शाह बाबा तिराहा के पास से दो लोगों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी की पाइप भी बरामद की गई है।यह जानकारी एएसपी सिटी नितेश सिंह ने शनिवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि जलालपुर निवासी नंद कुमार विजयपुर पानी की टंकी के पंप ऑपरेटर है। नंद कुमार ने दो अगस्त को थाने में तहरीर देकर बताया कि चोर जल निगम की पाइप उठा ले गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी। इस बीच मुखबिर की सूचना पर विंध्याचल थानाध्यक्ष चंद्र प्रकाश पांडेय ने मंगलशाह बाबा तिराहा के पास से संजय कुमार निवासी नटकीतारापुर भारतगंज थाना मांडा प्रयागराज और घनश्याम निवासी हरिपुर विजयपुर थाना विंध्याचल को गिरफ्तार किया। उनके पास से चार प्लास्टिक की बोरियों में बांधकर रखे कास्ट आयरन पाइप के टुकड़े बरामद हुए। बाइक के बारे में पूछे जाने पर आरोपी कोई कागजात नहीं दिखा सके। छानबीन करने पर पता चला बाइक भी चोरी की है। एक बाइक जौनुपर और दूसरी प्रयागराज से चोरी की गई है। एएसपी ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने बताया कि विजयपुर पहाड़ी पर स्थित पानी की टंकी के पास से पाइप के टुकड़े चोरी की है। उसे वे बेचने के लिए ले जा रहे थे कि पकड़ लिए गए। दोनों बाइक भी चोरी की है।

# 21 अगस्त तक रणबांकुरे स्टेडियम में होगी अग्निवीर भर्ती रैली

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**मीर्जापुर।** 21 अगस्त तक रणबांकुरे स्टेडियम में अगिन्वीर सेना भर्ती रैली होगी। पहले दिन वाराणसी समेत आसपास के 12 जिलों के अभ्यर्थी अगिन्वीर टेकिन्कल और अगिन्वीर ऑफिस असिस्टेंट की



रैली में शामिल होंगे। छावनी क्षेत्र स्थित रणबांकुरे स्टेडियम में रविवार से 21 अगस्त तक अगिन्वीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में वे अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिन्होंने अप्रैल-मई 2024 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास किया है। सेना भर्ती निदेशक कर्नल ऋषि दूबे ने बताया कि सीईई में 11,514 अभ्यथिर्यों को शॉर्ट लिस्ट किया गया है। यह भर्ती रैली अगिन्वीर जीडी, अगिन्वीर क्लर्क/ एसकेटी और अगिन्वीर टेकिन्कल के रिक्त पदों के लिए है। इस रैली में 12 जिलों वाराणसी, मऊ, बलिया, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, गाजीपुर, संत रविदास नगर, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली और जौनपुर के अभ्यर्थी ही शामिल होंगे।सेना भर्ती निदेशक ने कहा कि सभी अभ्यथिर्यों को सुझाव है कि वे रैली से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय, वाराणसी के नंबर 0542-2506655/ 7518900198 पर संपर्क करें। सभी अभ्यर्थी अतिरिक्त सतर्कता बरतें और दलालों का शिकार न बनें या किसी अनुचित साधन का सहारा न लें। सेना में चयन निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत होता है। अगिन्वीर सेना भर्ती रैली में शामिल होने वाले अभ्यथिर्यों को रात 12 बजे अपने प्रवेशपत्र के साथ रणबांकुरे स्टेडियम पहुंचना होगा। इसके चलते चार अगस्त को होने वाली भर्ती के मद्देनजर शनिवार की रात नौ बजे से ही छावनी क्षेत्र में रणबांकुरे स्टेडियम की ओर जाने वाले मार्ग पर चहल-पहल बढ़ गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सिगरा और कैंट थाने की पुलिस को विशेष रूप से अलर्ट किया गया है। इसके अलावा दलाल अभ्यथिर्यों को निशाना न बना पाएं, इसके मद्देनजर आर्मी इंटेलिजेंस की टीम भी हाई अलर्ट मोड पर है।

# काशी के विद्वत जनो के द्वारा गुप्तकाशी तीर्थ यात्रा संपन्न

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** काशी के विद्वानों (विद्वत् सदस्यगण, चिकित्सक गण, व्यवसायी गण, शोधकर्ता गण, चिंतक गण, समाजिक कार्यकर्ता गण) द्वारा विगत वषो की भांति पौराणिक,वैदिक काल से मानव सभ्यता के विकास में अपना योगदान दर्ज कराने वाले भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता पर आधारित ऐतिहासिक,पौराणिक,सांस्कृतिक विंध्य पर्वत की श्रृंखला में स्थित विंध्य क्षेत्र का पृष्ठ भाग जहाँ सोन गंगा सीमांकन करती, जहाँ देव ऋषियों की तपोभूमि सिद्ध पीठ अवस्थित ,सोन घाटी,सोन माटी अपने सुंदरता ,मनोरमता ,ऊर्जा ,खनिज संपदा से परिपूर्ण,पर्यटन के सौंदर्यता के दृश्य के लिए विख्यात सोनभद्र में तीर्थायन यात्रा 2024 सम्पन्न हुई. इस यात्रा के संयोजक अखिल भारतीय भगवान श्री परशुराम अखाड़ा परिषद के पंडित आलोक चतुर्वेदी ने कहां की मै धन्य हुआ इस गुप्तकाशी के धन्य धरा पर, मेरा भी जन्म हुआ सोनभद्र भारत का एकमात्र जिला है जो मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ झारखंड और बिहार के चार राज्यों से सटा है।सोनभद्र जिला एक औद्योयोगिक क्षेत्र है और इसमें बॉक्साइट, चूना पत्थर, कोयला, सोना आदि जैसे बहुत सारे खनिज हैं। सोनभद्र को भारत की ऊर्जा राजधानी कहा जाता है. यात्रा आयोजक 'तीर्थायन' के पंडित अवधेश दीक्षित ने कहा कि काशी से गुप्त काशी की यात्रा प्रारंभ करने के पीछे का यह स्पष्ट मकसद है कि धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण रामायण और महाभारत के साक्ष्य के आधार पर, यहां मिले हुये सांस्कृतिक प्रतीक हैं। जरासंध द्वारा महाभारत युद्ध में कई शासकों को यहां कैदी बनाए रखा गया था। सोन नदी की घाटी गुफाओं में प्रचलित है जो प्राचीन निवासियों के सबसे शुरुआती घर थे। ऐसा कहा जाता है कि 'भार' के पास 5 वीं शताब्दी तक जिले में चेरोस, सीरीस, कोल्स और खेरवार समुदायों के साथ समझौता हुआ था, विजयगढ़ किले पर 'कोल' राजाओं का शासन था। यह जिला 11 वीं से 13 वीं शताब्दी के दौरान दूसरी काशी के रूप में प्रसिद्ध था। 9वीं शताब्दी ईसा पूर्व में, ब्राह्मणत्त वंश को नागास द्वारा विभाजित किया गया था। 8 वीं और 7 वीं शताब्दी ईसा पूर्व में, जिले का वर्तमान क्षेत्र कौशला और मगध में था। गुप्ता काल के आगमन से पहले कुशंस और नागा भी इस क्षेत्र में सर्वोच्चता रखते थे। 7 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में हर्षवर्धन की मृत्यु के बाद, यह गजनी के महमूद द्वारा संचालित किए जाने से पहले 1025 तक गुर्जर और प्रतिहारों के नियंत्रण में रहा। यह क्षेत्र मुगल सम्राटों के विभिन्न गवर्नरों के प्रशासन में था और यहां की संपूर्ण सभ्यता रहन-सहन पूजा पाठ काशी आधारित है. यात्रा का नेतृत्व करते हुए संजय शुक्ला ने कहा गुप्तकाशी' नाम, जिसका अर्थ है 'छिपा हुआ बनारस', महाभारत के महाकाव्य से इसके संबंध को दर्शाता है, जहाँ युद्ध के बाद पांडवों द्वारा भगवान शिव के प्रथम दर्शन यहीं हुए थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाकाव्य



महाभारत के पांडवों ने भगवान शिव को गुप्तकाशी में छिपे हुए पाया था, जब वे उनका आशीर्वाद लिए थे। प्रो. सिद्धनाथ उपाध्याय पूर्व निदेशक आईआईटी बीएचयू ने कहा गुप्तकाशी के प्राकृतिक वैभव के बीच छिपे हुए आश्चर्यों का खजाना है, जो आपकी खोज का इंतजार कर रहा है। पवित्र तीर्थस्थल से इसकी निकटता के अलावा, यहाँ कई अन्य दर्शनीय स्थल भी हैं।यहाँ के शिव मंदिर प्राचीन किंवदंतियों, शांत परिदृश्यों और आध्यात्मिक ज्ञान की एक दुनिया है, जिसे खोजा जाना बाकी है। गुप्तकाशी के हर कोने में एक कहानी छिपी है, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध झलक पेश करती है। प्रो. प्रदीप कुमार मिश्रा पूर्व कुलपति अब्दुल कलाम टेकिन्कल यूनिवर्सिटी लखनऊ ने कहा आइए गुप्तकाशी के शांत परिदृश्य, प्राचीन मंदिरों और दिव्य वातावरण के माध्यम से रोमांच की शुरुआत करें। और जब आप अपनी यात्रा की योजना बनाते हैं, तो गुप्तकाशी के सर्वश्रेष्ठ पहाड़ो पर आराम और शांति का आनंद लेने का मौका लें। हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम गुप्तकाशी के दिल में गहराई से उतरते हैं, जहाँ हर कदम एक नए रोमांच को उजागर करता है, और हर पल खोज के वादे से भरा होता है। प्रो. अरविन्द जोशी काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने कहा की प्राचीन परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक के रूप में, गुप्तकाशी पिछली पीढियों की स्थायी आस्था और भक्ति का प्रमाण है। गुप्तकाशी की खूबसूरत दुनिया में कदम रखें, जहाँ कालातीत स्मारक एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के रूप में खड़े हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख धनंजय पाठक ने कहा कि गुप्तकाशी में प्राकृतिक सुंदरता के समस्त रूप विराजमान हैं यहां रेगिस्तान की तरह दिखने वाला सोन नदी की बालू का क्षेत्र है तो उत्तराखंड की तरह दिखने वाली पहाड.ियां भी विराजमान है किसनो की कृषि को समृद्ध करने वाले कृषि भूमि भी है. प्रवीण चंद पाण्डेय , सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा की धन्य धरा जहां एक साथ इतने अलौकिक केंद्र उपस्थित है इस जिले की मुख्य प्राण वायु हैं गुरु कृपा आश्रम जो संपूर्ण जिले की सुंदरता को अपने में समेटे हुए हैं जिसने सोनभद्र में गुरु कृपा आश्रम नहीं देखा उसने सोनभद्र को नहीं देखा. संपूर्ण यात्रा सर्किट हाउस से प्रारंभ होकर वीर लोरिक पत्थर,इको पॉइंट, फॉसिल्स पार्क, शिव मंदिर गोठानी, अगोरी किला, दुअरा घाटी अमर गुफा,अंचलेश्वर महादेव मंदिर होते गुरु कृपा आश्रम पहुंची जहां पर सोनभद्र के कला संस्कृति का प्रदर्शन आदिवासी समाज ने किया तत्पश्चात सहभोज कार्यक्रम संपन्न हुआ फिर वहां से यात्रा प्रारंभ होकर हाथी नाला हनुमान मंदिर, बायोडायवर्सिटी पार्क, वैष्णो मंदिर डाला होते हुए गुप्तकाशी से काशी के लिए रवाना हो गई. यात्रा को अखिल भारतीय भगवान परशुराम अखाड़ा परिषद, तीर्थायन वाराणसी, दुर्गा भूषण फाउंडेशन, काशी कथा आश्रम,अंतरराष्ट्रीय काशी घाट वाक विश्वविद्यालय, के सहयोग से सम्पन्न हुयी. यात्रा में संयोजक अखिल भारतीय भगवान श्री परशुराम अखाड़ा परिषद के पंडित आलोक चतुर्वेदी,आयोजक 'तीर्थायन' के पंडित अवधेश दीक्षित,प्रो. सिद्धनाथ उपाध्याय पूर्व निदेशक आईआईटी बीएचयू,प्रो. प्रदीप कुमार मिश्रा पूर्व कुलपति अब्दुल कलाम टेकिन्कल यूनिवर्सिटी लखनऊ,प्रो. विजय नाथ मिश्र विश्व के जाने-माने न्यूरोलॉजिस्ट,पूर्व चिकित्सा अधीक्षक काशी हिंदू विश्वविद्यालय, धनंजय पाठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख,प्रवीण चंद्र पांडे, धनंजय पाठक, मनोज चौबे, गणेश तिवारी, रामभरोस यादव, दिग्विजय सिंह व्यवस्थापक के रूप में उपस्थित रहे. यात्रा के दौरान मृत्युंजय मालवीय,डॉ अनिल गुप्ता चिकित्साधिकारी वाराणसी,डॉ प्रभाष झा जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी,तापस दास जनरल मैनेजर शैलेश तिवारी, डॉ धर्मजंग,रवि विश्वकर्मा,अभिषेक यादव, अमित राय सहित विविध क्षेत्रों के 100 गणमान्य लोग शामिल रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित 07 अधिकारियों को जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी करने के दिए निर्देश

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ की जाएगी कार्रवायी- जिलाधिकारी स्पष्टीकरण संतोषजनक प्राप्त न होने पर एक दिन के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ''सम्पूर्ण समाधान दिवस '' का आयोजन अगस्त महीने के पहले शनिवार को किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस दुधी में जिलाधिकारी बी0 एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना और गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। इस मौके पर तहसील दुधी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिला कृषि अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, उपायुक्त स्वरोजगार, जिला उद्यान




अधिकारी, अधिशासी अभियंता (जल निगम ग्रामीण) सोनभद्र द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में प्रतिभाग नहीं किया गया है,जिससे तहसील में आने वाले फरियादियों/ शिकायतकर्ताओं के समस्याओं का निस्तारण त्वरित गति से किए जाने में कठिनाई उत्पनन्न हुई है, शासन के महत्वपूर्ण कार्य संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहना सरकारी कार्यों के प्रति उदासीनता का द्योतक है और शासन के मंशा के अनुरूप कार्य करने में लापरवाही प्रदर्शित करता है। जिस कारण अनुपस्थित अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि अनुपस्थित अधिकारियों को तीन दिवस में स्पष्टीकरण जिलाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। स्पष्टीकरण संतोषजनक प्राप्त न होने की स्थिति में एक दिवस के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के कार्यवायी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जमीन सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विवादित जमीन वाले स्थल पर जाकर संयुक्त रूप से जॉच किया जाये, इसके बाद कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी ओबरा सुरेश राय, तहसीलदार दुधी आदि ने 42 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 02 मामलें निस्तारित किये गये। बाकी 40 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान,मुख्य चिकित्सा अधिकारी अश्वनी कुमार, उपनिदेशक कृषि, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित और संबंधित गण उपस्थित रहे 02- तहसील ओबरा में अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0),उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार आदि ने 34 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये, बाकी 30 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। 03- तहसील घोरावल में डी0आई0जी0 मीरजापुर आर0पी0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना और गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। इस मौके पर डी0आई0जी0 मीरजापुर आर0पी0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह, तहसीलदार घोरावल आदि ने 45 शिकायतें सुनते हुए,मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये, बाकी 41 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। 04-तहसील राबर्ट्सगंज में उप जिलाधिकारी दुद्धी प्रमोद तिवारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पनन्न हुआ। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज, सी0 ओ0 चारु द्विवेदी तहसीलदार राबर्ट्सगंज अमित कुमार आदि ने 73 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 13 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 15 मामले निस्तारित हुए, बाकी 60 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# बरासत के लिए एक माह से चक्कर काट रही महिला, लेखपाल को डीएम ने लगाई फटकार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**मिर्जापुर।** संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को लोगों की मडिहान तहसील में समस्याएं सुनने के दौरान वरासत के लिए एक माह से चक्कर लगा रही महिला की शिकायत पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने लेखपाल को कड़ी फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को इस मामले की जांच का निर्देश दिया है। समाधान दिवस पर सभी तहसीलों में कुल 260 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसमें से मौके पर 27 का निपटारा किया गया सीआरओ सत्यप्रकाश सिंह ने सदर तहसील में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान पैमाइश, अतिक्रमण और वरासत समेत कुल 94 मामले आए। मौके पर 12 का निपटारा किया गया। मडि.हान तहसील में लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान धनसिरिया गांव निवासी बुद्धिराम की पतनी धर्मावती ने जिलाधिकारी को बताया कि भूमिधरी की जमीन की वरासत के लिए वे एक माह से तहसील का चक्कर काट रही हैं। बीते 10 जुलाई को ऑनलाइन आवेदन किए जाने पर हल्का लेखपाल ने गलत रिपोर्ट लगाते हुए निरस्त कर दिया। कहा कि खतौनी में उसका नाम नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने लेखपाल को कड़ी फटकार लगाई और नायब तहसीलदार को शिकायत की जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। इस दौरान 41 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से मौके पर सिर्फ का एक का निपटारा हो पाया। इसी प्रकार अषाढ़ी गांव निवासी सीता देवी ने शिकायती पत्र देकर दबंगों पर पति और बेटी को उठा ले जाने का आरोप लगाया। इस पर एसपी अभिनंदन ने संतनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार को मामले की जांच कर जरूरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गंगापुर गांव निवासी ओपी सिंह का आरोप था कि तीन साल से पैमाइश के लिए आदेश हुआ है, लेकिन इसके लिए तहसील का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इस दौरान सीडीओ विशाल कुमार, सीएमओ डॉ. सीएल वर्मा, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स



## टीम इंडिया में कब होगी मोहम्मद शमा की वापसी स्टार तेज गेंदबाज ने बताया क्या है कमबैक प्लान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मोहम्मद शमी ने पिछले साल वनडे विश्व कप 2023 में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया। शमी 7 मैचों में 23 विकेट लेकर टूर्नामेंट के ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। इस विश्व कप में शमी ने अपने प्रदर्शन से महफिल तो खूब लूटी, लेकिन इस दौरान दाहिने हाथ की चोट के कारण वह मैदान से काफी समय से दूर चल रहे हैं। दरअसल, 33 साल के मोहम्मद शमी, जिन्होंने पिछले साल आईपीएल 2023 में भी पर्पल कैप जीती थी, वह टीम इंडिया में वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। शमी वनडे विश्व कप 2023 के दौरान इंजर्ड हुए थे और फरवरी 2024 में उन्होंने अपने टकने की इंजरी करवाई थी। इसके बाद से वह अब रिकवर होकर मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्?मद शमी ने क्रिकेट एक्?शन में वापसी की तरफ कदम बढ़ाने के लिए एक से एक प्रयास कर रहे हैं। 33 साल के तेज गेंदबाज ने वनडे वर्ल्?ड कप 2023 के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। अब शमी मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं लेकिन कब वह टीम इंडिया में वापसी करेंगे इसको लेकर उन्होंने एक बयान दिया। शमी टीम इंडिया में शामिल होने के लिए डोमेस्टिक क्रिकेट का रास्ता अपनाएंगे। टाइम ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार वे जल्द ही घरेलू क्रिकेट में खेलना शुरू करेंगे। कोलकाता में एक कार्यक्रम के दौरान, शमी ने क्रिकेट में वापसी के बारे में खुलासा किया। उन्होंने कहा कि वह बंगाल के लिए मैच खेलेंगे। इसके बाद ही राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध होंगे।उन्होंने आगे कहा कि यह कहना मुश्किल है कि मैं कब वापस आऊंगा। मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं, लेकिन उम्मीद है कि आप मुझे भारत की जर्सी पहनने से पहले बंगाल के रंगों में देखेंगे। शमी ने कहा कि मैं बंगाल के लिए दो-तीन मैच खेलने आऊंगा और इसके लिए पूरी तैयारी के साथ आऊंगा। बीसीसीआई ने कुछ समय पहले ये आदेश दिए कि क्रिकेटर्स के लिए घरेलू मैच खेलना अनिवार्य है। भारतीय टीम में वापसी के लिए घरेलू मैच खेलना जरूरी है, जिससे खिलाडियों के फॉर्म और फिटनेस को बनाए रखने में मदद मिलेगी। अगर खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में नहीं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में भाग लेना होगा।



## केएल राहुल अथिया शेट्टी ने की चैरिटी की शुरुआत, धोनी-विराट समेत कई दिग्गजों ने भी दिया साथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के क्रिकेटर केएल राहुल और उनकी पतनी अथिया शेट्टी ने क्रिकेट की कुछ बड़ी हस्तियों के साथ मिलकर विप्ला फाउंडेशन के लिए फंड जुटाने की पहल की है। यह फाउंडेशन पहले सेव द चिल्ड्रन इंडिया के नाम से जाना जाता था और इसका गोल मुंबई के बीकेसी में स्थित विशेष जरूरतों वाले स्कूल की मदद करना है। नन्हल केएल राहुल और उनकी पतनी अथिया शेट्टी ने साथ मिलकर एक चैरिटी वेंचर का एलान किया। इस कपल ने विपला फाउंडेशन के लिए धन जुटाने के लिए क्रिकेट के कुछ बड़े खिलाडि़यों के साथ हाथ मिलाया। इस चैरिटी वेंचर का नाम क्रिकेट फॉर ए कॉज रखा गया है जिसकी नीलामी का आयोजन 23 अगस्त को होग दरअसल, केएल-अथिया की इस पहल के माध्यम से इन सितारों ने मिलकर विशेष जरूरतों वाले बच्चों की शिक्षा और भलाई के लिए अहम फंड जुटाने का लक्ष्य रखा है। राहुल और अथिया शेट्टी ने एक विशेष क्रिकेट नीलामी का आयोजन किया है, जिसमें क्रिकेट की प्रमुख हस्तियां अपनी फेवरेट चीजें, जैसे जर्सी को डोनेट करेंगी। इस नीलामी के जरिए से वे विप्ला फाउंडेशन के लिए वित्तीय मदद जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। नीलामी 23 अगस्त को होनी है। इस पहल के बारे में बात करते हुए अथिया शेट्टी ने कहा कि विपला फाउंडेशन मेरे बचपन का एक अहम हिस्सा रहा है। मैंने स्कूल के बाद कई दिन बच्चों को पढ़ाने और उनके साथ समय बिताने में बिताए हैं। इस ऑक्शन के जरिए मैं अपनी नानी की विरासत को जारी रखने की उम्मीद करती हूं, जिन्होंने सुनने में असमर्थ और बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के इरादे से विपला फाउंडेशन की शुरुआत की थी वहीं, केएल राहुल ने कहा कि स्कूल में मेरा पहला दौरा बहुत इमोशनल था और बच्चों ने मुझे इस महान पल में हर संभव तरीके से योगदान देने के लिए प्रेरित किया, जिसका हिस्सा अथिया का परिवार रहा। जब मैंने क्रिकेट बिरादरी से संपर्क किया, तो उन्होंने भी इस महान उद्देशय के लिए अपने कीमती क्रिकेट आइटम दान करने में उतना ही सहयोग किया।



## पहले लगाई रेस फिर लगाया हवा में गोता, फोबे फ्रैंकलिन ने पकड़ा उम्दा का कैच

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड में खेले जा रहे द हंड्रेड विमेंस क्रिकेट टूर्नामेंट में एक से बढ़कर एक मैच देखने को मिल रहे हैं। 14वें मैच में एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। वेल्श फायर की खिलाड़ी ने नॉर्टिंघम के ट्रेंट ब्रिज में एक शानदार कैच पकड़ा यह घटना ट्रेंट रॉकेट्स की पारी के 7.2 ओवर में घटी। वेल्श फायर की गेंदबाज जॉजिन्या डेविस की गेंद पर नताशा व्रेथ ने स्लॉग करते हुए डीप मिड-विकेट की तरफ हवाई शॉट खेला। बाउंड्री पर खड़ी फोबे फ्रैंकलिन ने भागते हुई आई और हवा में छलांग लगाते हुए



पकड़कर दर्शकों को हैरान कर दिया। द हंड्रेड विमेंस टूर्नामेंट का 14वां मैच वेल्श फायर और ट्रेंट रॉकेट्स के बीच खेला गया। ट्रेंट रॉकेट्स की पारी के दौरान वेल्श फायर की खिलाड़ी फोबे फ्रैंकलिन ने भागते हुए अद्भुत कैच पकड़ा। उनकी इस फील्डिंग का वीडियो वायरल हो रहा है। वहीं इस मैच में वेल्श फायर ने ट्रेंट रॉकेट्स को 6 विकेट से मात दी। सारा ब्राइस ने नाबाद 51 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। दरअसल, द हंड्रेड विमेंस टूर्नामेंट का 14वां मैच वेल्श फायर और ट्रेंट रॉकेट्स के बीच खेला गया। ट्रेंट रॉकेट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 130 रन बनाए। ट्रेंट रॉकेट्स की पारी के दौरान वेल्श फायर की खिलाड़ी फोबे फ्रैंकलिन ने भागते हुए अद्भुत कैच शानदार कैच लपका। फोबे फ्रैंकलिन की इस गजब की फील्डिंग देख सब हैरान रह गए। दर्शकों के साथ बल्लेबाज भी हैरान रह गई। आउट होने से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज नताशा व्रेथ ने 24 गेंद पर 28 रन की पारी खेली। जॉजिन्या डेविस ने 23 रन देकर एक विकेट चटकाए। वहीं, फोबे की फील्डिंग का वीडियो वायरल हो रहा है। मैच की बात करें तो ट्रेंट रॉकेट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 130 रन बनाए। कप्तान नैट सिवर ब्रंट ने सर्वाधिक 37 रन की पारी खेली। जेस जोनासन ने दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेल्श फायर ने 4 विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। विकेटकीपर सारा ब्राइस ने नाबाद 51 रन की मैच जिताऊ पारी खेली।

## 2 प्लेयर्स की होगी छुट्टी ओपनिंग जोड़ी में भी होगा बड़ा बदलाव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार, 4 अगस्त को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। सीरीज



का पहला मैच ड्रॉ रहा था, ऐसे में दूसरा मुकाबला निर्णायक होने वाला है। दोनों ही कप्तानों की कोशिश इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में बढ़त बनाने पर होगी। दूसरे वनडे में भारतीय टीम की प्लेइंग 11 में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। रोहित शर्मा और गौतम गंभीर 2 प्लेयर्स को बेंच पर बैठा सकते हैं। भारत और श्रीलंका के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला 4 अगस्त को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा था ऐसे में दूसरा मुकाबला निर्णायक होने वाला है। दोनों ही कप्तानों की कोशिश इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में बढ़त बनाने पर होगी। दूसरे वनडे में भारतीय टीम की प्लेइंग 11 में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। पहले वनडे में रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल ने पारी का आगाज किया था। गिल कुछ खास कमाल नहीं कर पाए और उन्होंने 35 गेंदों पर सिर्फ 16 रन की पारी खेली थी। ऐसे में अगले मैच में उनकी छुट्टी तय हो सकती है। उनकी जगह ऋषभ पंत को मौका मिल सकता है। पंत के आने से ओपनिंग में लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन होगा। पंत इन दिनों शानदार फॉर्म में भी हैं। उन्होंने इससे पहले खेली गई टी20 सीरीज में तूफानी बल्लेबाजी भी की थी। इसके अलावा शिवम दुबे को भी बाहर बैठना पड़ सकता है। पिछले मैच में उन्होंने 24 गेंदों पर 25 रन जरूर बनाए थे, लेकिन वह मैच फिनिश कर नहीं लौटे थे।

## वेस्ट दिल्ली लायंस के लिए खेलेंगे नवदीप सैनी, रितिक शौकीन की भी खुली किस्मत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित आगामी दिल्ली प्रीमियर लीग के लिए वेस्ट दिल्ली



लायंस की तरफ से तेज गेंदबाजी करते नजर आएंगे। लीग 17 अगस्त से 8 सितंबर 2024 तक नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेली जाएगी। भारत के लिए 2 टेस्ट 8 वनडे और 11 टी20 मैच खेलने वाले नवदीप वेस्ट दिल्ली लायंस टीम के मुख्य खिलाडि़यों में से एक हैं। वहीं भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा रह चुके गेंदबाज रितिक शौकीन को भी टीम में शामिल किया गया है। दिल्ली प्रीमियर लीग 17 अगस्त से 8 सितंबर तक खेले जाएंगे। कुछ छह टीमें में लीग में हिस्सा लेंगे। एक्सेल ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड की टीम वेस्ट दिल्ली लायंस छह फ्रेंचाइजी टीमों में से एक है, जिसका शुक्रवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और डीडीसीए की पूरी एपेक्स काउंसिल की उपस्थिति में अनावरण किया गया। वेस्ट दिल्ली लायंस के बारे में बोलते हुए फ्रेंचाइजी मालिक राजन चोपड़ा ने कहा, हम दिल्ली प्रीमियर लीग का हिस्सा बनकर बहुत रोमांचित हैं। डीपीएल दिल्ली की अपार क्रिकेट प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है।हमारी टीम पूरी मजबूती के साथ अपना प्रदर्शन दिखाने को तैयार है, और हम हर संभव तरीके से अपने खिलाडि़यों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डीडीसीए ने एक प्रमुख टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) की शुरुआत की है। यह उभरते खिलाडियों को उत्कृष्टता हासिल करने के लिए एक बेहतरीन मंच है। टी20 लीग के उद्घाटन सत्र में 40 मैच होंगे, जिसमें मेंस वर्ग में 33 और महिला वर्ग में 7 मैच खेले जाएंगे। वहीं, पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को दिल्ली प्रीमियर लीग के उद्घाटन सत्र के लिए ब्रांड एंबेसडर भी घोषित किया गया है। रितिक शौकीन, नवदीप सैनी, देव लाकड़ा, दीपक पुनिया, शिवांक वशिष्ठ, अखिल चौधरी, आयुष दोसेजा, कृष यादव, अनमोल शर्मा, जुगल सैनी, अंकित राजेश कुमार, विवेक यादव, आर्यन दलाल, मासाब आलम, एकांश डोबाल, शिवम गुप्ता, योगेश कुमार, सूर्यकांत चौहान, तिशांत डोनल, अब्राहम अहमद मसूदी

## चोट से जूझ रही श्रीलंका टीम को लगा एक और झटका, प्रमुख खिलाड़ी हुआ वनडे सीरीज से बाहर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच इन दिनों 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला टाई रहा था।



दूसरे मैच से पहले श्रीलंका टीम को बड़ा झटका लगा है। पहले ही प्?लेयर्स की अनुपलब्?धता से जूझ रही श्रीलंका टीम का एक और खिलाड़ी सीरीज से बाहर हो गया है। ऐसे में टीम की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। भारत क्रिकेट टीम और श्रीलंका के बीच इन दिनों 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के दूसरे मैच से पहले श्रीलंका टीम को बड़ा झटका लगा है। पहले ही चोट के कारण प्?लेयर्स की अनुपलब्?धता से जूझ रही श्रीलंका टीम का एक और खिलाड़ी चोटिल होकर सीरीज से बाहर हो गया है। ऐसे में टीम की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं श्रीलंकाई गेंदबाज वानिंदु हसरंगा भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। सीरीज के पहले वनडे के दौरान वह तकलीफ में नजर आए थे। पहले वनडे के दौरान 10वें ओवर की आखिरी गेंद डालते समय उन्हें बायीं हैमस्ट्रिंग में दर्द का अनुभव हुआ। इसके बाद एमआरआई में चोट की पुष्टि हुई है। हसरंगा की जगह जेफरी वेंडरसे को टीम में शामिल किया गया है। सीरीज की शुरुआत से पहले श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीश पथिराना और दिलशान मदुशंका वनडे सीरीज से बाहर हो गए थे। पथिराना जहां कंधे की चोट से जूझ रहे थे वहीं मदुशंका हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर हो गए थे। उनकी जगह तेज गेंदबाज मोहम्?मद शि?राज और एहसान मलिंगा को श्रीलंका टीम में जगह मिली थी।श्रीलंका टीम लगातार चोट से जूझ रही है। भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज से पहले दुष्?मंथ चमीरा और नुवान तुषारा भी बाहर हो गए थे। चमीरा को जहां बुखार था वहीं तुषारा के अंगूठे में चोट लगी थी। भारत ने श्रीलंका को टी20 सीरीज में 3-0 से हराया था। अभी दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही है। शुक्रवार खेला गया पहला वनडे टाई रहा था। अब रविवार को सीरीज का दूसरा वनडे मैच खेला जाएगा।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन्‍ रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## दूसरे वनडे में 2 रन बनाते ही रोहित शर्मा रच देंगे इतिहास, निशाने पर राहुल द्रविड़ का बड़ा रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार, 4 अगस्त को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले में भारतीय कप्?तान रोहित शर्मा के पास इतिहास रचने का मौका है भारत और श्रीलंका के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार 4 अगस्त को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले में भारतीय कप्?तान रोहित शर्मा के पास इतिहास रचने का मौका है। रोहित शर्मा ने अपने करियर में अब 263 वनडे मैच खेले हैं। इस दौरान 255 पारियों में उन्होंने 49.16 की औसत और 92.09 की स्ट्राइक रेट से 10767 रन बनाए हैं इसके लिए रोहित को सिर्फ 2 रन बनाने होंगे। श्रीलंका के खिलाफ 2 रन बनाते ही भारतीय वतान पूर्व हेड कोच राहुल द्रविड़ का अहम रिकॉर्ड तोड़ देंगे। रोहित शर्मा इस दिनों शानदार फॉर्म में भी चल रहे हैं। श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में रोहित ने तूफानी अर्धशतक लगाया था। रोहित शर्मा ने अपने करियर में अब 263 वनडे मैच खेले हैं। इस दौरान 255 पारियों में उन्होंने 49.16 की औसत और 92.09 की स्ट्राइक रेट से 10767 रन बनाए हैं। वह वनडे में 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। इस लिस्ट में चौथे नंबर पर राहुल द्रविड़ हैं। पर्व भारतीय कोच ने अपने करियर में 340 वनडे खेले। इस दौरान 314 पारियों में उन्होंने 39.15 की औसत और 71.18 की स्ट्राइक रेट से 10768 रन बनाए थे। ऐसे में रोहित 2 रन बनाते ही राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़कर वनडे में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं।सचिन तेंदुलकरः 18426 रन विराट कोहलीः 13872 रन सौरव गांगुलीः 11221 रन राहुल द्रविड़ः 10768 रन रोहित शर्माः 10767 रनसीरीज के पहले वनडे में रोहित शर्मा ने शानदार बल्?लेबाजी की थी। उन्होंने 33 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया था। भारतीय कप्तान ने 123.4 की स्ट्राइक रेट से 47 गेंदों पर 58 रन बनाए थे। अपनी इस पारी में उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के भी लगाए थे। डुनिथ वेललेज ने उनका विकेट चटकाया था। मुकाबले की बात करें तो यह ड्रॉ रहा था।



## सम्पादकीय

# इतिहास बनाने से चूके टीम इंडिया के रणबांकुरे

मैच टाई होने से भारत से अधिक श्रीलंका ने राहत की सांस ली, क्योंकि कम स्कोर के बावजूद वो भारत को रोकने में सफल रहा। हालांकि, मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कई कीर्तिमान रचे। भारतीय क्रिकेट टीम श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में इतिहास बनाने से एक कदम पीछे रह गई। यदि श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार रात भारत ने जीत दर्ज की होती तो यह वनडे क्रिकेट में किसी भी टीम के खिलाफ उसकी सौवीं जीत होती, यानी जीत का शतक होता। मैच टाई होने से भारत से अधिक श्रीलंका ने राहत की सांस ली, क्योंकि कम स्कोर के बावजूद वो भारत को रोकने में सफल रहा। हालांकि, मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कई कीर्तिमान रचे। वनडे क्रिकेट में भारत ने किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सबसे अधिक जीत श्रीलंका के खिलाफ दर्ज की है। भारत अब तक श्रीलंका के खिलाफ 99 वनडे मैच में जीत चुका है। इसके बाद वेस्टइंडीज का नंबर आता है, जिसके खिलाफ भारत ने 72 वनडे मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 60, इंग्लैंड के खिलाफ 58, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ 57-57, जिम्बाब्वे के खिलाफ 54, साउथ अफ्रीका के खिलाफ 40 और बांग्लादेश के खिलाफ 32 वनडे मैच भारत ने जीते हैं।कोलंबो वनडे से पहले यही उम्मीद थी कि भारत श्रीलंका को एक और वनडे मैच में हराकर जीत का शतक लगा लेगा। श्रीलंका ने मैच में पहले बैटिंग करते हुए 230 रन का स्कोर खड़ा किया था। यह स्कोर बिल्कुल साधारण प्रतीत हो रहा था। भारत की बैटिंग की शुरुआत भी अच्छी हुई। पहले विकेट के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने शुभमन गिल के साथ मिलकर 12.4 ओवर में 75 रन जोड़े। हालांकि, शुभमन गिल बहुत कंफर्टेबल नजर नहीं आ रहे थे। जहां रोहित शर्मा ने 123.40 के स्ट्राइक रेट से 47 गेंदों पर 58 रन बनाए, वहीं शुभमन गिल 35 गेंदों पर मात्र 16 रन नहीं बना सके। कोलंबो के स्टेडियम में चार शतक लगा चुके विराट कोहली से भी बड़ी उम्मीद थी, लेकिन वो भी 32 गेंदों पर 24 रन बनाकर आउट हो गए। रोहित शर्मा के बाद कोई भी खिलाड़ी बड़ा स्कोर नहीं बन सका। श्रीलंकाई स्पिनर्स की घूमती गेंदों पर भारतीय खिलाड़ी एक के बाद एक पैवेलियन का रास्ता देखते चले गए, जबकि टीम इंडिया में आठवें नंबर तक बल्लेबाज खेल रहे थे। एक समय ऐसा आया, जब गेंदें बहुत थीं और जीत के लिए रन कम बनाने थे, लेकिन भारतीय बल्लेबाजी लड़खड़ाती चली गई। अंत में यदि शिवम दुबे ने दो छक्के न लगाए होते हैं तो भारत मुकाबला टाई भी नहीं कर पाता। आखिरी दो विकेट तो भारत 230 रन पर गंवा बैठा। खासकर अर्शदीप सिंह और शिवम दुबे ने जो शॉट खेला, वो कतई उचित नहीं था। यदि वो आराम से खेलते तो एक रन लेना मुश्किल नहीं था। मैच टाई भले हो गया, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने एक बार फिर अपनी बैटिंग का लोहा मनवाया। रोहित शर्मा के बतौर ओपनर 15,000 रन पूरे हो गए हैं। उनसे ऊपर सचिन तेंदुलकर (15,335 रन) और वीरेंद्र सहवाग (16,119 रन) हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित शर्मा सबसे अधिक छक्के लगाने वाले कप्तान भी हो गए हैं। रोहित के अब 234 छक्के हैं। उन्होंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम 233 छक्के हैं, जबकि पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी 211 छक्के लगा चुके हैं। रोहित ने बतौर ओपनर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक लगाने में सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली है। रोहित के अब सचिन के बराबर 120 अर्धशतक हो गए हैं। इस लिस्ट में सबसे ऊपर ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी डेविड वॉर्नर का नाम है, जिन्होंने 146 अर्धशतक लगाए हैं। भारत-श्रीलंका वनडे सीरीज का अगला मुकाबला रविवार को कोलंबो में ही खेला जाएगा। भारत के पास रिकॉर्ड बनाने का मौका है। टी-20 सीरीज में 3-0 से जीत के बाद भारत के हौसले बुलंद हैं। जिस तरह से रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत जीत दर्ज करता आ रहा है तो यही लग रहा है कि रविवार को भारत किसी एक टीम के बाद अपनी सौवीं जीत सुनिश्चित कर लेगा।

# वित्त मंत्री जी, दूसरों की भी सुनें मंत्रालय के मुताबिक बेरोजगारी तेजी से घटी, तो उम्मीदवार इतने क्यों

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति लोगों को सक्षम, स्वतंत्र और समर्थ बनाने की है। उनके मुताबिक बेरोजगारी तेजी से घट रही है तो फिर नौकरी में पदों और उम्मीदवारों का अनुपात इतना असमान क्यों है?वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई व को साल 2024-25 का बजट पेश किया। उसके अगले दिन संसद के दोनों सदनों में इस पर चर्चा शुरू हुई, जबकि वित्त मंत्री ने लोकसभा में 30 जुलाई और राज्य सभा में 31 जुलाई को इसका जवाब दिया। वित्त मंत्री का जवाब तीन बड़े आधारों पर टिका था वित्त मंत्री के अनुसार, पैसे खर्च करना अच्छी शासन व्यवस्था का एक मापदंड है। इसके फलस्वरूप हर वर्ग के लोगों का विकास और कल्याण होता है। वित्त मंत्री ने अपनी बात को आंकड़ों के जरिये पुष्ट करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार द्वारा अपने शासन के अंतिम साल 2013-14 में कितना खर्च किया गया था और एनडीए सरकार के पहले और आखिरी साल यानी 2019-20 में कितना खर्च किया गया और 2024-25 में कितना खर्च किया जाएगा। जाहिर तौर पर संख्या यह दर्शाती है कि साल दर साल बजट में इजाफा हुआ है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 2013-14 में कृषि के लिए मात्र 30 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जबकि आज यह 1.52 लाख करोड़ रुपये है। यहां तक कि यह पिछले साल 2023-24 से भी आठ हजार करोड़ रुपये अधिक है। पिछले साल की तुलना में हमने इसमें वृद्धि की है, न कि कोई कमी। परेशानी मौजूदा कीमतों को लेकर थी, न कि स्थिर कीमतों को लेकर। बढ़ा हुआ व्यय उसी सूरत में प्रासंगिक होगा, जब इसे कुल व्यय या सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के अनुपात में बताया जाएगा। इसके अलावा ऐसे अनेक मद हैं, जिनके लिए आवंटित राशि को 2023-24 में खर्च ही नहीं किया गया। इसके बारे में नहीं बताया गया, क्यों वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति लोगों को सक्षम, स्वतंत्र और समर्थ बनाने की है। उन्होंने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हुए कहा कि बेरोजगारी में 3.2 प्रतिशत की गिरावट आई है। एसबीआई की शोध रिपोर्ट में पाया गया कि 2014 से लेकर 2023 तक 125 मिलियन रोजगार पैदा किए गए। ये दोनों सरकारी रिपोर्ट हैं। सीएमआईई ने सरकार की इस रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा कि मौजूदा



बेरोजगारी दर 9.2 प्रतिशत है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जितनी बेरोजगारी है, उसमें 83 प्रतिशत युवा हैं। वित्त मंत्री ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि सैकड़ों या हजारों नौकरियों के लिए लाखों उम्मीदवार क्यों हैं उदाहरण के लिए यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 60,244 पदों के लिए 48 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों ने परीक्षा दी, जिनमें 16 लाख महिलाएं थीं। अगर बेरोजगारी तेजी से घट रही है तो नौकरी में पदों और उम्मीदवारों का अनुपात इतना असमान क्यों है? ऊपर के दो उदाहरणों में पद और आवेदकों का अनुपात 1:80 और 1:329 था। इंजीनियर, मैनेजमेंट ग्रेजुएट, वकील और पीजी किए हुए छात्र एक कांस्टेबल या क्लर्क के पद के लिए क्यों आवेदन कर रहे हैं बेरोजगारी की सच्चाई को जानने के लिए मैं प्रधानमंत्री और दूसरे मंत्रियों को यह सुझाव देना चाहता हूं कि उन्हें भारत के शहरों और कस्बों की गलियों में घूमना चाहिए। वित्त मंत्री तो अपने जन्म स्थान मदुरई से अपनी यात्रा शुरू कर विल्लुपुरम, जहां उन्होंने स्कूल की पढ़ाई की, जा सकती हैं और तिरुचिरापल्ली, जहां उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई की है, में अपनी यात्रा समाप्त कर सकती हैं। 3. हमारी मुद्रास्फीति दर आपसे बेहतर है।

# टैक्स मजबूरी या जिम्मेदारी, जब अमेरिका में कार्टून चरित्र ही बना कर प्रचारक

अमेरिकी हास्य अभिनेता टेरी प्रैचेट कहते थे कि मौत और टैक्स में मौत बेहतर है, क्योंकि वह एक बार ही आती है। दूसरी तरफ सरकारों को लगता है कि लोग टैक्स ही नहीं चुकाते। भारतीय नेताओं की तो यह स्थायी शिकायत है कि यहां लोग टैक्स नहीं देते। हालांकि यह बात दीगर है कि टैक्स और उसका संग्रह बढ़ता जाता है। यह बहस अनंत काल से चल रही है आई थी महामंदी, फिर दूसरा विश्वयुद्ध और पर्ल हार्बर पर जापान का हमला। हम मिलने वाले हैं हेनरी मोर्गनथाउ जूनियर से, जो अमेरिका के सबसे मशहूर यहूदी हैं। वाशिंगटन के गलियारे उनकी ताकत और सूझबूझ से लबरेज हैं। हेनरी मोर्गनथाउ के पिता हेनरी मोर्गनथाउ सीनियर भी खासे नामवर व्यक्ति थे। मगर बेटा बाप से बहुत आगे है। अब हमारे सामने जो घटने वाला इन जैसे असंख्य चरित्र देने वाले प्रसिद्ध कार्टून महानायक वाल्ट डिजनी। अमेरिका विश्वयुद्ध में शामिल होने के लिए हथियार बांध रहा है। वित्त मंत्री मोर्गनथाउ को युद्ध के लिए संसाधन चाहिए। अमेरिका में वार बॉन्ड जारी कर दिए गए हैं। मोर्गनथाउ को लगता है कि अगर अमेरिकी लोगों को समय पर टैक्स चुकाने के लिए प्रेरित किया जाए, तो संसाधनों की किल्लत कर रहा है, मगर मोर्गनथाउ को फिल्म समझ में ही नहीं आ रही। पर वक्त डिजनी के साथ है, मोर्गनधाउ के साथ नहीं। सरकार के पास वक्त कम है। अमेरिका में आयकर रिटर्न भरने की तारीख 15 मार्च तक है। इसलिए द न्यू स्पिरिट को मंजूरी मिल ही गई। अब हम न्यूयॉर्क के सिनेमाघर के सामने हैं। यहां पहली बार द न्यू स्पिरिट दिखाई जा रही है। फिल्म छा गई है। इस फिल्म में








कि टैक्स मजबूरी है या जिम्मेदारी। टैक्स से चिढ़ ऐतिहासिक है। सरकारें टैक्स लगाए बिना चल नहीं सकती। यह जद्दोजहद तारीखी हो चुकी है। दिलजले कहते हैं कि जुर्माना तो कुछ गलत करने पर चुकाना पड़ता है, पर टैक्स तो हमारे सभ्य और ईमानदार होने का जुर्माना है, जो सरकारें गला पकड़ कर वसूलती हैं। जैसे ताजा बजट को लीजिए, सरकार ने आयकर में चने-चवेना लेने भर की जितनी रियायत दी, उससे ज्यादा निवेश पर टैक्स बढ़ाकर निचोड़ लिया। अमेरिकी हास्य अभिनेता टेरी प्रैचेट कहते थे कि मौत और टैक्स में मौत बेहतर है, क्योंकि वह एक बार ही आती है। दूसरी तरफ, सरकारों को लगता है कि लोग टैक्स ही नहीं चुकाते। भारतीय नेताओं की तो यह स्थायी शिकायत है कि यहां लोग टैक्स नहीं देते। यह बात दीगर है कि टैक्स और उसका संग्रह बढ़ता जाता है। यह बहस अनंत काल से चल रही है कि टैक्स मजबूरी है या जिम्मेदारी। सरकारें हमेशा से ऐसे जतन करती रही हैं कि अधिक से अधिक लोगों को टैक्स चुकाने पर राजी किया जाए। एक बार अमेरिका में तो राजस्व की कमी से परेशान सरकार ने एक कार्टून चरित्र को ही अपना टैक्स प्रचारक बना दिया। आइए, पकडि़ए अपनी सीट टाइम मशीन में हम उड़ चलते हैं अमेरिका की तरफ, जहां चुनाव की गहमागहमी बढ़ रही है। मगर हम कमला हैरिस या डोनाल्ड ट्रंप से मिलने नहीं जा रहे हैं। हम सीधे पहुंच रहे हैं 1930 के दशक में, जो अमेरिका का सबसे घटनाबहुल दशक था। इसी दौरान है, वह हेनरी मोर्गनथाउ जूनियर को इतिहास में अनोखी जगह देगा। वाशिंगटन के कॉफी हाउस में आपने यह सुन ही लिया होगा कि मोर्गनथाउ खेती के विशेषज्ञ हैं। पहले विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिकी सरकार के खेती विभाग में काम कर चुके हैं। वह राष्ट्रपति हर्बर्ट हूवर का कार्यकाल था। पर वाशिंगटन में उनका रसूख बढ़ा फ्रैंकलिन रूजवेल्ट के साथ। रूजवेल्ट और मोर्गनथाउ के बीच गाढ़ी दोस्ती के किस्से खूब सुने जा रहे हैं। यह साल 1934 है। रूजवेल्ट राष्ट्रपति हैं और मोर्गनथाउ उनके वित्त मंत्री। मोर्गनथाउ रूजवेल्ट के मंदी निवारण अभियान के वित्तीय मैनेजर थे। अमेरिका को गहरी मंदी से उबारने के लिए संसाधनों का जुगाड़ मोर्गनथाउ ने ही किया है। आपको पता तो चल ही गया होगा कि दूसरे विश्वयुद्ध की तोपें गरजने लगी हैं। हिटलर के यहूदी संहार के खिलाफ अमेरिका की सबसे बड़ी आवाज बनकर गरज रहे हैं हेनरी मोर्गनथाउ। उनके कहने पर अमेरिकी सरकार ने बार रिफ्यूजी बोर्ड बनाया है, जिससे जनसंहार के शिकार यहूदियों को मदद दी जा रही है। इस बीच पर्ल हार्बर पर जापान ने हमला कर दिया है। दूसरे विश्वयुद्ध से अब तक दूर रहा अमेरिका अब इस लड़ाई में कूदने वाला है। मगर हम यहां से उड़ चलते हैं कैलिफोनिन्या, क्योंकि टैक्स की जिस कहानी को तलाशते हुए हम करीब 80 साल पीछे आए हैं, उसके लिए मनोरंजन के नायक वाल्ट डिजनी से मिलना होगा। हां, वही डोनाल्ड डक, मिकी माउस और दूर हो जाएगी। यह दिसंबर, 1941 है। युद्ध की तैयारियों के बीच हम बरबैंक, कैलिफोनिन्या आ गए हैं, जहां वाल्ट डिजनी मोर्गनथाउ का संदेश पढ़ रहे हैं। बरबैंक से पहली उड़ान पकड़ डिजनी वाशिंगटन डीसी पहुंच रहे हैं। डिजनी को लगा था कि उन्हें युद्ध बॉन्ड के प्रचार में मदद करनी होगी, मगर मोर्गनथाउ का एजेंडा दूसरा था। मोर्गनथाउ ने डिजनी स्टूडियो को ऐसी फिल्म बनाने के लिए कहा है, जो लोगों को वक्त पर टैक्स चुकाने के लिए प्रेरित करे। केवल छह सप्ताह का समय दिया गया है। यह फिल्म फरवरी, 1942 तक सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। डिजनी स्टूडियो में बनती सभी फिल्में रोक कर एक शॉर्ट फिल्म पर काम शुरू हो गया है। डोनाल्ड डक सबसे बड़ा कार्टून स्टार है, जो इस फिल्म का नायक होगा। जो ग्रांट और विल ह्यूमर ने फिल्म लिख डाली है। नाम है द न्यू स्पिरिट। स्टोरीबोर्ड लेकर वाल्ट डिजनी फिर वाशिंगटन लौट आए हैं। बैठक लगी है। मगर यह क्या? मोर्गनथाउ डोनाल्ड डक के प्रशंसक नहीं है, उन्हें फिल्म का मजमून पसंद नहीं आया। कार्टूनों के निर्माता डिजनी वित्त मंत्री मोर्गनथाउ से नाराज हैं। हों भी क्यों न? डोनाल्ड डक, डिजनी स्टूडियो का मेगास्टार है। उसके नाम पर फिल्में दौड़ती हैं। यह फिल्म सिनेमावरों को मुफ्त दी जानी है, जिसके कारण डिजनी स्टूडियो की अन्य फिल्मों की बुकिंग कैंसिल हो रही है। डिजनी की कंपनी को 40,000 डॉलर का नुकसान होने जा रहा है। इधर 10 लाख डॉलर का कर्ज बैलेंस शीट में खड़ा है। डिजनी स्टूडियो वहुत कुछ कुर्बान डोनाल्ड डक एक अभिनेता है। उसे टैक्स चुकाने का राष्ट्रीय कर्तव्य समझ में आता है, तो वह उत्साह में अपना रिटर्न लेकर सीधे वाशिंगटन पहुंच जाता है। इस फिल्म का डायलॉग मशहूर होने लगा है- टैक्सेस टू बीट द एक्सिस। अर्थात हिटलर-मुसोलिनी के गठजोड़ (एक्सिस) को हराने के लिए टैक्स चुकाना जरूरी है। अमेरिकी अखबार बता रहे हैं कि द न्यू स्पिरिट सुपरहिट हुई है। टाइम मशीन में वापसी के सफर में आपको पता चलेगा कि 1941 में अमेरिका में 1.3 करोड़ लोगों ने टैक्स भरा था। मगर डोनाल्ड डक के प्रोत्साहन से इसकी तादाद पांच करोड़ हो गई। यह खबर पढ़ते हुए आप कुर्सी की पेटी बांधिए कि वॉल्ट डिजनी को अमेरिकी सरकार से इस फिल्म की लागत का भुगतान नहीं हुआ। डिजनी को करीब 80,000 डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा। जब यह खबर बाहर आई कि वाल्ट डिजनी फिल्म को पेमेंट मांग रहे हैं, तो नाराज लोगों ने नो डाइम फॉर डिजनी का अभियान शुरू कर दिया। बहरहाल, करदाताओं में राष्ट्रभक्ति जगाने वाली डिजनी की द न्यू स्पिरिट फिल्म को 1943 का शॉर्ट फिल्म का ऑस्कर मिला। डिजनी को और डोनाल्ड डक को भी। इसी समारोह में मुख्य ऑस्कर अवॉर्ड मिला था गजब की मजेदार डिजनी मूवी डोनाल्ड डक की ढेर फ्यूहरर्स फेस को। तो अब हम दिल्ली में उतर रहे हैं। आपको पता है कि अब जमीन, शेयर और सोना बेचने पर टैक्स के नियम बदल गए हैं।

# ब्रॉडकास्टिंग सर्विस रेगुलेशन बिल के विरोध में विपक्ष ने शुरू की गोलबंदी, कांग्रेस ने गिनाए इसके खतरे

कांग्रेस ने डिजिटल मीडिया को नियंत्रण के दायरे में लाने के इरादे से लाए जा रहे प्रसारण सेवा नियमन विधेयक का पूरजोर विरोध करने का एलान किया है। पार्टी ने दावा किया है कि राजग सरकार इस विधेयक के जरिए लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ वैकल्पिक डिजिटल मीडिया की स्वतंत्रता को खत्म करना चाहती है संसद में विधेयक का विरोध करने के लिए कांग्रेस ने इस मसले पर विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन के सहयोगी दलों से भी चर्चा शुरू कर दी है। तृणमूल कांग्रेस ने भी इसका विरोध करने की घोषणा की है तो शिवसेना यूबीटी, द्रमुक से लेकर एनसीपी सरीखे विपक्षी खेमे के प्रमुख दलों ने भी विधेयक की मंशा पर सवाल उठाते हुए इसकी खिलाफत के इरादे साफ कर दिए हैं। केंद्र की ओर से प्रस्तावित ब्रॉडकास्टिंग सर्विस रेगुलेशन बिल का संसद में पेश होने से पहले ही विरोध शुरू हो गया है। कांग्रेस ने इससे कई खतरे गिनाते हुए विपक्षी दलों से इसके विरोध का आह्वान किया है। कई दलों ने इस पर गोलबंदी भी शुरू कर दी है। कांग्रेस ने कहा कि बिल के जरिए सरकार वैकल्पिक डिजिटल मीडिया की स्वतंत्रता को खत्म करना चाहती है। कांग्रेस ने राजनीतिक पाटिर्यों के साथ सभी से प्रसारण सेवा नियमन विधेयक के खिलाफ गोलबंद होने का आह्ववान करते हुए तर्क दिया है कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वतंत्र मीडिया के लिए सीधा खतरा है, क्योंकि इसके जरिए व्यक्तिगत कंटेंट बनाने वालों



को भी नियमन के दायरे में जकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने विधेयक से जुड़े कई पहलुओं को चिंताजनक बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से लेकर स्वतंत्र समाचार आउटलेट और कंटेंट क्रिएटर्स पर सरकार का बढ़ता नियंत्रण प्रेस की स्वतंत्रता को खतरे में डालता है। यह फ्री स्पीच को भी प्रतिबंधित करता है। उनके अनुसार यह विधेयक वीडियो अपलोड करने, पॉडकास्ट बनाने या समसामयिक मामलों के बारे में लिखने वाले किसी भी व्यक्ति को डिजिटल समाचार प्रसारक के रूप में लेबल करता है। पवन खेड़ा ने कहा कि यह स्वतंत्र समाचार कवरेज प्रदान करने वाले व्यक्तियों और छोटी टीमों को अनावश्यक रूप से नियमन के दायरे में कर सकता है। कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने भी खेड़ा के बयानों का समर्थन किया है। पार्टी ऑनलाइन क्रिएटर्स के लिए कंटेंट मूल्यांकन समितियां स्थापित करने की आवश्यकता को प्रकाशन-पूर्व सेंसरशिप बता रही है, जिससे समाचार मिलने में देरी के साथ फ्री स्पीच पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। खेड़ा के अनुसार प्रस्तावित विधेयक छोटे कंटेंट क्रिएटर्स पर भारी नियामक बोझ बढ़ाएगा, क्योंकि यह उन्हें बड़े मीडिया उपक्रमों की तरह मानता है। कई स्वतंत्र पत्रकारों के पास अनुपालन करने के लिए संसाधनों की कमी है और वे बंद हो सकते हैं। अपने प्लेटफॉर्म से पैसे कमाने वाले कंटेंट क्रिएटर्स को पारंपरिक ब्रॉडकास्टर्स की तरह ही कड़े नियमों का सामना करना पड़ेगा और यह नए लोगों के प्रवेश को हतोत्साहित कर स्वतंत्र क्रिएटर्स की आर्थिक क्षमता समाप्त करेगा। कांग्रेस के मुताबिक विधेयक के मसौदे की प्रक्रिया में नागरिक समाज, पत्रकार और प्रमुख हितधारकों को शामिल नहीं किया गया है, जिससे पारदर्शिता और समावेशिता ही नहीं स्वतंत्र पत्रकारिता खतरे में होगी और ऑनलाइन दुनिया में अत्यधिक सरकारी निगरानी का रास्ता खुलेगा। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन इस विधेयक का विरोध करने के पार्टी के इरादे जाहिर कर चुके हैं। शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने भी ऐसा ही रूख जाहिर करते हुए आरोप लगाया है कि मुख्यधारा की मीडिया को पहले ही शिकंजे में ले चुकी यह सरकार अब ऑनलाइन स्वतंत्र मीडिया की गिरेबान पकड़ना चाहती है और विपक्ष इसका तगड़ा विरोध करेगा।

# हल्के में न लें हाथी को रोबोट की पकड़ मजबूत बनाने के लिए सूंड के जैव शास्त्र की मदद ली जा रही

हाथी सूंड से बड़े से बड़े पेड़ को उखाड़ सकता है। रोबोट अध्ययनों में रोबोट की पकड़ मजबूत बनाने के लिए सूंड के जैव शास्त्र से मदद ली जा रही है।रोबोट भले कैसा भी हो, उससे यह उम्मीद रहती करने, खोजने, सामाजिक व्यवहार और चीजों को बनाने व बिगाड़ने में करता है।सूंड की मांसपेशियां इतनी मजबूत होती हैं कि मजबूत से मजबूत पेड़ तक को उखाड़ फेंके। हालांकि हाथी इस सूंड का उपयोग हाथी की सूंड की नोक पर दो उंगलियों जैसे उभार होते हैं ऊपर की तरफ नुकीला और नीचे की तरफ ज्यादा गोल और छोटा उभार। हमने यह भी अध्ययन किया कि सूंड की स्थिति हाथी द्वारा लगाए है। यह रोबोट के सॉफ्ट ग्रिपर्स के भावी विकास के लिए उपयोगी है। सॉफ्ट ग्रिपर्स रोबोट की भुजा के अंत में लगा उपकरण होता है, जो चीजों को पकड़ने के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। हाथी



है कि वह वस्तुओं को उठाकर दूसरी जगह तक ले जाए और व्यवस्थित ढंग से रख भी दे। ऐसे में, रोबोट निर्माता कंपनियां इस चीज पर सबसे ज्यादा ध्यान देती हैं कि रोबोट के हाथ वस्तुओं पर अपनी मजबूत पकड़ कैसे बनाएं। इस मामले में रोबोटिक विज्ञान की दिलचस्पी हाथियों की सूंड में बढ़ी है। एक हाथी अपनी सूंड का उपयोग जिस तरह करता है, वह देखना दिलचस्प है। हाथी अपनी सूंड का उपयोग खाने, पीने, संवाद बेहद सटीकता से करता है। मनुष्य के हाथ में अंगुलियां जो काम करती हैं, वह हाथी अपनी सूंड से करता है।मैं वैज्ञानिकों के उस समूह का हिस्सा थी, जिसने अफ्रीकी सवाना हाथियों का परीक्षण यह देखने के लिए किया कि उनकी सूंड की नोक कितना बल लगाती है। हाथी की सूंड की मांसपेशियों में कोई हड्डी नहीं होती है। कई तंत्रिकाएं होती हैं, जो इसे किसी चीज को पकड़ने के लिए बहुत ताकत, सटीकता और संवेदनशीलता प्रदान करती हैं। जाने वाले बल को कैसे प्रभावित करती है। रोबोट बनाने वाले इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरों ने प्राकृतिक जैविक ऊतक के लचीलेपन और तरीके की नकल करने की कोशिश की है, जिससे वे अलग-अलग काम करते समय मुड़ सकते हैं। इसे जैव-प्रेरित तकनीक के रूप में जाना जाता है। यह सॉफ्ट रोबोटिक्स में उपयोगी है, जो रोबोट के डिजाइन और निर्माण पर केंद्रित है। पिछले 20 वर्षों से, हाथी की सूंड ने इस शोध को प्रेरित किया की सूंड पर आधारित सॉफ्ट ग्रिपर अपने आकार बदलकर अप्रत्याशित वातावरण के अनुकूल हो जाते हैं। हमने सूंड द्वारा लगाए गए अधिकतम पिंच बल को मापा, जो 86.4 न्यूटन था। मनुष्यों में अंगूठे और तर्जनी के बीच अधिकतम पिंच बल 49 से 68 न्यूटन के बीच होता है। तो जब आप किसी हाथी के नजदीक हों, तो उसकी सूंड की ताकत को नजरंदाज बिल्कुल मत कीजिएगा।




# नोएडा विधायक पंकज सिंह ने आज बिजली विभाग से साथ की बैठक

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नोएडा।** बारिश के जिस तरह शहर में बिजली की जर्जर हालत है उसमें सुधार की तैयारी साथ ही अधिक लोड वाले सेक्टरों में कैसे ट्रांसफार्मर अधिक है, वहां ट्रांसफॉर्मरों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया। नई कॉलोनियों में विद्युतीकरण की योजना भी चर्चा का एक प्रमुख विषय रहा।



बढ़ाए जाए उस पर आज विधायक पंजक सिंह से बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर और नोएडा डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रमुख रूप से बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाने, गांवों, आवासीय और औद्योगिक क्षेत्रों में पुराने और जर्जर बिजली के खंभों तथा तारों को बदलने पर जोर दिया गया। साथ ही, जहां बिजली की मांग विधायक पंकज सिंह ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि वे इन समस्याओं के समाधान के लिए जल्द से जल्द एक विस्तृत योजना तैयार करें और उसे क्रियान्वित करना शुरू करें। उन्होंने कहा कि शहर में बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या का समाधान होगा। इस योजना से न केवल आम नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र भी लाभान्वित होगा।

# जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने शनिवार को तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया



(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले के जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने शनिवार को तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी न्यायिक कक्ष, उपजिलाधिकारी कक्ष, तहसीलदार कक्ष, रजिस्टार, कानूनगों कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, ई-डिस्ट्रिक कक्ष, आपूर्ति कक्ष एवं विशेष भूमि अध्याप्ति कक्ष का निरीक्षण करते हुए वहां पर फाइलों के रख-रखाव, साफ-सफाई, उपस्थिति पंजिका सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# नेहा कश्यप ने जीता विनर का खिताब फेमस प्रतिज्ञा सीरीयल की टीवी ऐक्ट्रेस पूजा गौर ने अवार्ड देकर सम्मानित किया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**बाँदा।** नेहा कश्यप ने एक बार फिर बाँदा जिले का नाम रोशन किया कानपुर में स्थित कैलाश होटल में शो दीप इंटर टेनमेंट्स दीपक जी के द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें ब्राइडल कॉम्पटिशन में नेहा कश्यप और उनके मेकप आर्टिस्ट अमन को विनर का खिताब दिया गया अलग अलग शहर से बहुत से मॉडल और मेकप आर्टिस्ट ने भाग लिया था जिसमें नेहा कश्यप और उनके मेकप आर्टिस्ट को विनर का खिताब दिया गया जिसमें सिलेब्रिटी टीवी ऐक्ट्रेस पूजा गौर ने बाँदा जिले की नेहा कश्यप और उनके मेकपआर्टिस्ट अमन को अवार्ड देकर सम्मानित किया विनर का खिताब जितने के बाद उनके मेकप आर्टिस्ट को पूजा गौर और दीपक जी के द्वारा पुरस्कार में टीवी और अवॉर्ड दिया गया नेहा को उननव के प्रोफ़ेसनल मेकप आर्टिस्ट अमन के द्वारा डिज़ाइनर लहँगा पहनकर स्टेज पर वॉक कराई गई नेहा कश्यप स्टेज पर वॉक करके जलवे बिखेर दिए उनकी वॉक की बहुत तारीफ़ की गई उनके मेकप आर्टिस्ट अमन ने लहँगा खुद डिजाइन किया था नेहा जब मंच पर आई तो पूरा माहौल तालियों से गूंज उठा ।नेहा कश्यप की मंच पर टीवी ऐक्ट्रेस पूजा गौर ने बहुत सहरना की गई उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई नेहा कश्यप सेंट मेरी ज्योति नगर की रहने वाली है नेहा एक फेमस मॉडल के साथ साथ बहुत अछी ऐक्ट्रेस भी है नेहा कश्यप ने बताया की उनकी न्यू मूवी वेल्कम टू मरघट बहुत जल्द सभी बुंदेलखंड के सिनिमा घर में देखने को मिलेंगी नेहा कश्यप ऐसे ही बाँदा का नाम सभी शहर में रोशन करती रहे इंटेक उज्जवल भविष्य की कामना करते है



# बॉलीवुड/टेली मसाला

## दलजीत कौर ने पति निखिल पटेल के खिलाफ मुंबई में दर्ज कराई एफआईआर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर इस साल के शुरुआत से अपनी दिनों दलजीत केन्या से अपना सारा सामान भी लेकर आ गई थी। अब एक्ट्रेस ने मुंबई में सेकेंड एक्स को गर्लफ्रेंड सफीना नजर के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। कहा जा रहा है कि यहां वो अपनी गर्लफ्रेंड



पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। बीते साल 18 मार्च को उन्होंने बिजनेसमैन निखिल पटेल से मुंबई में धूमधाम से शादी रचाई थी, लेकिन महज 10 महीने के अंदर दोनों अलग हो गए है। एक्ट्रेस बेटे के साथ वापस मुंबई लौट आई है, तो वहीं निखिल पटेल अफ्रीका में अपनी बेटियों के साथ रह रहे हैं। बीते हसबैंड पर क्रूरता और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।टेलीविजन एक्टर दलजीत कौर एक बार फिर चर्चा में है। बीते दिनों दलजीत केन्या से अपना सारा सामान भी लेकर आ गई थी। अब उन्होंने मुंबई के अग्रीपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें निखिल पटेल के साथ बर्थडे सेलिब्रेट करने आए थे टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार यानी 2 अगस्त को दलजीत कौर ने मुंबई के अग्रीपाड़ा पुलिस स्टेशन में निखिल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 85 और 316(2) के तहत शिकायत दर्ज कराई है। बता दें बीएनएस की धारा 85 में किसी महिला का पति या पति का रिश्तेदार उसके साथ क्रूरता करता है। तो उसे कारावास से दंडित किया जाएगा, जिसे तीन साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है।'' बीएनएस की धारा 316 (2) में कहा गया है, ठजो कोई भी विश्वास का आपराधिक उल्लंघन करेगा, उसे पांच साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा।हाल ही में निखिल को उनकी गर्लफ्रेंड सफीना के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया था। कुछ दिन पहले दलजीत ने एक पोस्ट के स्क्रीनशॉट शेयर किए थे, जिसमें निखिल अपनी नई गर्लफ्रेंड सफीना नजर के साथ नजर आ रहे थे और लिखा था, 'शब्द नहीं...सिर्फ आंसू जो नहीं रुकेंगे दलजीत और निखिल ने 10 मार्च, 2023 को करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में एक समारोह में शादी की। वह केन्या चली गईं लेकिन जनवरी 2024 में अपने बेटे जेडन के साथ मुंबई लौट आईं। इस जोड़े को लेकर तलाक की अटकलें फरवरी 2024 में शुरू हुईं, जब दोनों ने एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया और अपने इंस्टाग्राम हैंडल से पोस्ट डिलीट कर दिए।

## मैं रिटायर हो रहा हूं',आमिर खान ने एक्टिंग से संन्यास लेने का बनाया मन, जुनैद को सौंपी जिम्मेदारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आमिर खान के बेटे जुनैद की जून में डेब्यू फिल्म 'महाराज' रिलीज हुई। हालांकि, यह ओटीटी डेब्यू थी। थिएटर्स में आमिर खान का आना अभी बाकी है। ओटीटी पर रिलीज हुई इस फिल्म ने उनकी थिएट्रिकल रिलीज को आसान बना दिया है। जुनैद की एक्टिंग की काफी तारीफ की गई। 'महाराज' के लिए जुनैद की हुई तारीफ हाल ही में आमिर खान ने महाराज फिल्म की सक्सेस पर पार्टी का आयोजन किया था। पत्रकार और समाज सुधारक करसंदास मुलजी के किरदार में जुनैद की परफॉर्मेंस को लोगों ने खूब प्यार दिया। हाल ही में इस स्टार किड ने टाइम्स ऑफ इंडिया को इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट पर कुछ बात की। इसी के साथ उन्होंने पिता आमिर खान के रिटायरमेंट प्लान का भी खुलासा किया।मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान ने लाल सिंह चड्ढा के फ्लॉप होने के बाद किसी और प्रोजेक्ट पर काम नहीं किया। हालांकि वह सितारे जमीन पर को लेकर चर्चा में है जिस पर काम शुरू हो चुका है। इस बीच उनके बेटे जुनैद ने उनके रिटायरमेंट प्लान का खुलासा किया है। जुनैद ने



बताया कि महाराज की मेकिंग के दौरान आमिर ने उनसे क्या कहा था। जुनैद खान का अगला प्रोजेक्ट आमिर खान प्रोडक्शन्स के बैनर तले बन रही फिल्म 'प्रीतम प्यारे' है। हालांकि, इस फिल्म से वह प्रोड्यूसर के तौर पर जुड़े हैं। जुनैद ने कहा कि वह 2017 से थिएटर कर रहे हैं। बीच-बीच में ऑडिशन के लिए जाते थे। लेकिन डेब्यू फिल्म को लेकर कोई प्लान नहीं था। जुनैद ने करियर की शुरुआत में ही बतौर प्रोड्यूसर बनना क्यों चुना, इसका उन्होंने खुलासा किया। जुनैद ने बताया कि वह पीके फिल्म के सेट पर कैमरे के पीछे थे। इसके अलावा कई और फिल्मों के सेट पर मौजूद रह चुके हैं। विज्ञापन शूट में भी मदद की है। जुनैद ने कहा, ''महाराज फिल्म का शूट पूरा करने के बाद हम आमिर खान प्रोडक्शन्स में एक फिल्म पर काम कर रहे थे।'' जुनैद खान ने बताया कि जब वह महाराज फिल्म से जुड़े, उस समय किरण (राव) लापता लेडीज बना रही थीं और पिता आमिर खान 'मैं रिटायर हो रहा हूं, तुम इसे क्यों नहीं संभाल लेते' वाले फेज से गुजर रहे थे। मुझे लगता है कि मुझे फिल्ममेकिंग की ठीक-ठाक समझ है। ये फिल्ममेकिंग के कठिन कार्यों में से एक है। एक्टर ने ये भी कहा कि न तो आमिर और न ही रीना उनकी पहली फिल्म को लेकर परेशान थे। जुनैद ने कहा कि आमिर खान के काम का उनकी फिल्मों के चयन पर असर नहीं पड़ा। उन्होंने (आमिर) अच्छा काम किया है, लेकिन उनके कुछ काम खराब भी रहे हैं। फिल्म निर्माण कोई साइंस नहीं है। इसलिए हर किसी को सीखते रहना चाहिए और आगे बढ़ते रहना चाहिए।

## सुनिधि चौहान ने बॉलीवुड में संगीत माफिया पर तोड़ी चुप्पी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दुनिया को अपनी आवाज से दीवाना बनाने वाली बॉलीवुड की मशहूर सुनिधि चौहान इंडस्ट्री की मशहूर सिंगर्स में से एक है, जिन्होंने अपने करियर के दौरान कई हिट मुताबिक, जब सिंगर से पूछा गया कि क्या इंडस्ट्री में म्यूजिक माफिया है। तो इस पर उन्होंने कहा- लॉबिंग हर जगह है इसलिए इससे बचा नहीं जा सकता। आप अपना काम करें।सिंगर सुनिधि चौहान इन दिनों



गाने दिए हैं। इतना ही नहीं वह सुनिधि इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा फीस लेने वाली गायिकाओं में से भी एक हैं। हाल ही में उन्होंने बॉलीवुड संगीत माफिया के बारे में खुलकर बात की, जिस पर सिंगर सोनू निगम ने भी कमेंट किया था। बॉलीवुड माफिया पर बोलीं सुनिधि सुनिधि चौहान हाल ही में राज शमनी के पॉडकास्ट का हिस्सा बनी थीं। जहां उन्होंने संगीत माफिया के बारे में खुलकर बात की। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट्स को लेकर सुर्खियों में हैं। सिंगर सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक फोटो और वीडियो शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में सुनिधि चौहान ने फिल्म उद्योग में संगीत माफिया के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे आजकल गाने पहले ही बना लिए जाते हैं और बाद में फिल्म के लिए चुने जाते हैं। आगे सिंगर ने स्वीकार किया कि कई बार गाना रिकॉर्ड करने के बाद सिंगर्स को पैसे नहीं दिए जाते।

## सोनाक्षी सिन्हा की पंक्चुअलिटी पति जहीर इकबाल को पड़ी भारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने जून में एक-दूसरे को पति-पतने के रिश्ते में कबूल कर लिया है। हालांकि, दोनों ने करीब 7 साल तक डेटिंग की और अपने रिश्ते को छुपाए रखा। शादी सिंह एक वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि अपनी पतनी की एक आदत के चलते वो पार्टी में एक घंटे पहले पहुंचे है। सोनाक्षी सिन्हा ने ब्वॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी रचा ली है। शादी के बाद सोनाक्षी सिन्हा की पहली हर जगह दोनों साथ ही जाते हैं। ऐसे में अब ये कपल एक पार्टी का हिस्सा बना। जहां ये कपल एक घंटे पहले पहुंच गया। ऐसे में एक्टर ने वीडियो शेयर कर लिखा- ठहम वक्त काट रहे हैं क्योंकि हम पार्टी में 1 घंटा पहले



के बाद दोनों सोशल मीडिया पर आए दिन एक-दूजे के साथ फोटोज और वीडियो शेयर करते रहते है। दोनों हैपिली मैरिड कपल की तरह इन दिनों एक दूसरे का साथ खूब एंजॉय कर रहे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने फ्रूट की एक झलक शेयर की थी, जिसमें वह अपने घर की सजावट करती नजर आई थी। वहीं अब जहीर ने सोनाक्षी फिल्म काकुडा भी रिलीज हो चुकी है। वहीं शनिवार को ये कपल मुंबई में किसी एक पार्टी का हिस्सा बना था। जहां अभिनेता के लिए वक्त काटना थोड़ा मुश्किल साबित हुआ। आखिर ऐसा क्यों हुआ इसका खुलासा उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर साझा किया है। जहीर और सोनाक्षी ज्यादा से ज्यादा वक्त एक-दूसरे के साथ बीता रहे हैं। ऐसे में आ गए। वो भी मेरी बीवी की पंक्चुअलिटी के चलते। सोनाक्षी सिन्हा के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें मई में संजय लीला भंसाली की सीरीज 'हीरामंडी' और 'काकुडा' में देखा गया था। जो एक हॉरर कॉमेडी फिल्म थी। इसके अलावा वह जल्द संजय लीला भंसाली की सीरीज 'हीरामंडी' के दूसरे सीजन में नजर आएंगी।

## वायनाड में तबाही के बाद मोहनलाल ने किया 3 करोड़ की मदद का एलान बोले- 'स्वस्थ और मजबूत होकर उभरेंगे'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड में पहनकर भूस्खलन प्रभावित वायनाड पहुंचे । जहां उन्होंने मदद करने लिए रवाना हो गए। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर अपने दौरे की तस्वीरें



बीती एक हफ्ते से कुदरत का कहर देखने को मिल रहा है। बीते दिनों हुई भारी बारिश के चलते वायनाड में लैंडस्लाइड हुए, जिसमें अब तक कई लोगों के मरने की खबर आ चुकी हैं। इस हासदे में मरने वालों की संख्या कम नहीं बल्कि आए दिन बढ़ती ही जा रही है। तो वहीं कई घर अपने घरों से बेघर हो गए है। इसके अलावा कई लापता भी है। रेस्क्यू टीम का सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। ऐसे में अब सुपरस्टार मोहनलाल भी वायनाड के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते नजर आए।भारतीय प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल मोहनलाल शनिवार को अपनी सेना की वर्दी का भी एलान किया । सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरे और पोस्ट वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने लिखा है। हम सब मिलकर पुनर्निर्माण करेंगे स्वस्थ होंगे और और मजबूत होकर उभरेंगे । जाने-माने अभिनेता मोहनलाल, जो भारतीय प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल भी हैं। शनिवार को अपनी सेना की वर्दी पहनकर भूस्खलन प्रभावित वायनाड पहुंचे और आपदा प्रभावित क्षेत्र के पुनर्वास कार्यों के लिए ?3 करोड़ देने का वादा किया। मेप्पादी स्थित सैन्य शिविर पहुंचे अभिनेता ने अधिकारियों के साथ संक्षिप्त चर्चा की और अन्य लोगों के साथ भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के शेयर की और कैप्शन में लिखा, उन्होंने लिखा, 'मेरी 122 इन्फेंट्री बटालियन, टीए मद्रास के सैनिकों और बचाव दल के साहसी प्रयासों को देखना बहुत ही भावुक करने वाला था। उनका निस्वार्थ समर्पण आशा की किरण जगाता है। हम सब मिलकर पुनर्निर्माण करेंगे, स्वस्थ होंगे और और मजबूत होकर उभरेंगे। बता दें, अभिनेता को 2009 में प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल पद से सम्मानित किया गया था। इस बीच, मोहनलाल के साथ आए फिल्म निर्देशक मेजर रवि ने कहा कि फाउंडेशन मुंडक्कयी स्कूल का भी पुनर्निर्माण करेगा, जो खंडहर हो गया था।

## अमिताभ बच्चन ने शेयर किया भावुक पोस्ट, कहा- 'यह ऐसा पल है, जब आपकी मदद करने वाला कोई नहीं'


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**अमिताभ बच्चन कई वर्षों से 'कौन बनेगा करोड़पति' शो को होस्ट कर रहे हैं। इस बार केबीसी का 16वां सीजन शुरू होने वाला है। बिग बी ने शो की शूटिंग शुरू बच्चन ने अपने ब्लॉग में 'हेल्पलेस' फील करने के बारे में बताया है। उन्होंने कंटेस्टेंट्स के संघर्ष पर बात की है। बिग बी ने केबीसी के सेट की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इसी के साथ उन्होंने ये भी बताया कि ''यह ऐसा पल होता है, जिससे आप जुड़ा हुआ महसूस करते हैं और ऐसा भी कि आपकी कोई मदद करने वाला नहीं...ऐसे लोग जो लोगों के सामने आते हैं, जो ये बात जानते हैं कि उनके संघर्ष को



कर दी है। हर साल अमिताभ बच्चन के सामने कुछ ऐसे कंटेस्टेंट्स आते हैं, जिनकी जर्नी खुद बिग बी को इमोशनल कर देती है। कौन बनेगा करोड़पति का 16वां सीजन बस कुछ ही दिनों में शुरू होने वाला है। इससे जुड़े कई वीडियो और फोटो सामने आ चुके हैं। केबीसी के इस सीजन में एक नया कॉन्सेप्ट ऐड किया गया है, जो कंटेस्टेंट्स की जीती हुई राशी को दोगुनी कर देगा। इन सबके बीच बिग बी ने भावुक करने वाला एक पोस्ट शेयर किया है। अमिताभ जो कंटेस्टेंट्स हॉट सीट पर उनके सामने बैठते हैं, वह किस तरह से उन्हें प्रभावित करते हैं। बिग बी ने लिखा, ''गेम में कुछ बदलाव किए गए हैं और उससे हम क्या सीखते हैं, इस पर असर पड़ेगा...लेकिन जब भी कोई कंटेस्टेंट हमारे सामने अपनी कहानी बताता है...वह किस परिस्थिती में रहे हैं और कितना प्रताडि़त हुए हैं...और फिर वह खुद को इस गरम कुर्सी पर बैठे पाते हैं और उस पल की भावना से अभिभूत हो जाते हैं। हेल्पलेस फील करते हैं' बिग बी ने आगे लिखा, बड़ी संख्या में लोग देख रहे हैं...लेकिन...इसके बावजूद उनके चेहरे पर स्माइल होती है, जो दिल जीत लेती है...पिछले कुछ दिनों में जो कंटेस्टेंट्स सामने आए है, उनकी लाइफ जर्नी काफी इमोशनल और मूविंग रही है...हम उनकी बातें सुनते हैं और उनकी मदद के लिए आगे आते हैं इस उम्मीद में कि इस दर्द भरी जिंदगी से उन्हें राहत मिलेगी।'''कौन बनेगा करोड़पति 16' सोनी टीवी पर प्रसारित किया जाएगा। शो 12 अगस्त से शुरू हो रहा है।

## अनन्या पांडे ने बॉडीकॉन ड्रेस में शेयर की खूबसूरत तस्वीर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अनन्या पांडे ने महज 18 साल की उम्र में बॉलीवुड में डेब्यू किया था और बड़े पर्दे पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। आदित्य रॉय कपूर संग अपने ब्रेकअप के बाद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है और इस गम से उबरने की पूरी-पूरी कोशिश कर रही हैं। ऐसे मे अभिनेत्री अपने



काम के साथ-साथ दोस्तों के साथ वक्त गुजार रही है और पार्टीज भी कर रही हैं। अब हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर की, जिसमें वह ग्रे कलर की बॉडीफीट ड्रेस में नजर आ रही हैं। इसके साथ सटल मेकअप और बन हेयरस्टाइल लुक कैरी किया था। इस दौरान अनन्या को अपना ये लुक बेहद पसंद आया और अब तक उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में भी काम किया है। इन दिनों अभिनेत्री अपनी हालिया तस्वीरों को लेकर चर्चा में हैं, जिसके चलते उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया जा रहा है। इन फोटोज को देखकर यूजर्स का कहना है कि वह काफी बदली-बदली नजर आ रही हैं। अनन्या पांडे ने हाल ही में अपनी गर्ल्स नाइट की तस्वीरें साझा कीं जिसमें उनका प्यारा पालतू कुत्ता भी नजर आ रहा है । बता दें अनन्या पांडे अभिनेता आदित्य रॉय कपूर संग अपने ब्रेकअप के बाद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है और आए दिन फोटोज शेयर करती है । अनन्या पांडे अभिनेता उन्होंने मिरर सेल्फी ली और कैप्शन में लिखा- गर्ल्स नाइट।एक्ट्रेस की फोटो पर एक यूजर ने लिखा- ये आपकी बेस्ट फोटो हैं। दूसरे यूजर ने लिखा- माय ड्रीम गर्ल। इसके अलावा कई लोगों ने एक्ट्रेस का नाम हार्दिक पांड्या संग जोड़ा है। हार्दिक पांड्या संग जुड़ा एक्ट्रेस का नाम बता दें, हार्दिक पांड्या और अनन्या पांडे को अनंत-राधिका की हल्दी सेरेमनी में एक साथ डांस करते देखा गया था। दोनों के वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए थे। ऐसे में लोगों ने दोनों का नाम एक साथ जोड़ना शुरू कर दिया। बता दें, इसी साल हार्दिक का तलाक हुआ है और अनन्या का ब्रेकअप।

## 2023 में धमाका करने के बाद एक बार फिर धमाल मचाएगी 'गदर 2'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर 'गदर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छी कमाई की थी। फिल्म को उम्मीद से भी बेहतर 40 करोड़ तक की ओपनिंग मिली थी। एक लंबे समय के बाद रिलीज हुई सनी देओल की फिल्म ने उनके कमबैक को न सिर्फ शानदार बनाया, बल्कि यादगार भी बनाया। फिल्म की पहली सालगिरह आने वाली है। ऐसे में मेकर्स ने एक स्पेशल चीज प्लान की है। 'गदर 2' हिंदी बेल्ट में साल 2023 की चौथी सबसे ज्यादा ओपनिंग लेने वाली फिल्म है। फिल्म की सफलता से खुश खुद सनी देओल (एल्हहब् अदत) अपने आंसू नहीं रोक पाए। वहीं, मूवी में उनके बेटे बने एक्टर उत्कर्ष शर्मा की परफॉर्मेंस को भी लोगों ने हरी झंडी दिखाई। ये सुपरहिट फिल्म 11 अगस्त को रिलीज के एक साल पूरे करेगी। ऐसे में मेकर्स ने इसे री-रिलीज करने का प्लान किया है। लेकिन इसमें एक ट्विस्ट है। साल 2023 में बॉलीवुड से रिलीज हुई कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहराया जिसमें सनी देओल (एल्हहब् अदत) की गदर 2 भी शामिल रही। इस मूवी को बॉलीवुड में सनी की धमाकेदार वापसी के रूप में देखा गया। फिल्म रिलीज के बाद साल बाद भी फैंस इसे प्यार देते हैं। गदर 2 को रिलीज हुए एक साल बीतने वाला है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।